जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 31 जुलाई, 2022


# आज की रेट: 75 लाख
# कल की रेट: 90 लाख

## शुद्ध लाभ: 15 लाख (20%)

A Project By Kedia

THE KUNBA

बड़े परिवारों के लिए

**NO** MIDDLE-MEN **DIRECT** TO CUSTOMER

**FIXED PRICE**

## करोड़ों की 5 बेडरूम वाली कोठी सिर्फ 75 लाख में!




JDA की सीमा मे जमीन बेचने के लिये 7665078637 पर जमीन का सम्पूर्ण विवरण WhatsApp करें।

KEDIA *Transforming Realty*

TOLL FREE: 1800-120-23-23, 7877-07-27-37

www.kedia.com | www.kediahomes.com | info@kediahomes.com
www.rera.rajasthan.gov.in | Rera No. RAJ/P/2022/1900

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

मन जिस रूप की कल्पना करता है वैसा हो जाता है, आज जैसा वह है वैसे उसने कल कल्पना की थी। –योगवशिष्ठ

# भारत के पारंपरिक तालाबों का संरक्षण जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिए अनिवार्य है

आज की चर्चा इस बात पट केन्द्रित है कि यदि शहरों को पानी पीना है तो तालाब व एनीकट जैसे ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश अनिवार्य है। थोडी देर के कल्पना कीजिये कि आप एक बहुत बडे शहर में रहते हैं। सारी सुख-सुविधायें आपके पास उपलब्ध हैं। बस अब पानी की कमी पड़ने लगी है, क्योंकि निरंतर बढते हुये शहरवासियों की संख्या की कारण आपके पारंपरिक जलस्त्रोत सूख गये हैं। आप का सबसे बड़ा पारंपरिक बाँध जहाँ से आपको पानी मिलता था, अब सूख गया है। पारंपरिक बाँध इसलिये सूख गया क्योंकि आप उससे मिलने वाले पानी को लेते रहे, उपयोग किया, और गन्दा करके जल-मल के रूप में प्रतिदिन बहा दिया। पारंपरिक बाँध इसलिये भी सूख गया क्योंकि जिन जलग्रहण क्षेत्रों से पानी बहकर आता था अब वहां के लोगों ने अपनी आजीविका सुदृढ़ करने के लिये खेती और बागवानी करने के लिये जमीन विकसित कर लिया। मिट्टी को खेती योग्य बनाकर जल से तृप्त करना प्रारंभ कर दिया। वर्षा ला पानी जैसे ही खेत की गोद में गिरता है, मिट्टी उसे सोखना प्रारंभ कर देती है और एक बार में जब तक 90 से 100 मिलीमीटर तक बारिश न हो, वहां से पानी की एक बूँद नहीं बहती। गरीब किसानों द्वारा जहाँ-का-पानी-तहां रोकने के लिये अपने खेत में ही बंधी व खेत-तलाई बनाना न्याय के नैसर्गिक सिद्धांतों के अनुरूप ही है। अब ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में रहने वाले लोग आपके सुख के लिये उस पानी को बहकर आपके पारंपरिक बाँध तक आने देने के बजाय मोर-क्रॉप-पर-ड्रॉप के सिद्धांत पर पानी का उपयोग स्वयं करने लगे हैं। वर्षा के पानी ने किसानों का आतिथ्य स्वीकार कर लिया है। अब वहीं रुक जाता। अब वर्षा की मात्रा बढ़ने तक वहीं रुका करेगा।

अब शायद आप समझ गये होंगे कि जयपुर के रामगढ में पानी क्यों नहीं आता? वर्षा के पानी ने किसानों का आतिथ्य स्वीकार कर लिया है। जब पानी बहकर आपके पास सैकड़ों साल तक बार-बार आता था, तब तो आप उसकी इज्जत कर नहीं पाये! शहरवासियों ने अपनी गन्दगी धोकर खूब बहाया।

समस्या अभी और भी है! किस्सा अभी तो शुरू हुआ है। आगे पढ़िये।

आपके पुराने बाँध के सूखने से आपके शहर के कुयें और बावड़ियां पानी से रीत कर केवल अपनी स्थापत्य कला का उदाहरण मात्र रह गयीं। जो थोड़ी-बहुत पानीदार थीं, उन्हें आपने कचरे से भाठ दिया। जब पानी आपके पास दौड़कर आता था, आपने उसका उपभोग कर जल-मल के रूप में बह जाने दिया। पुनर्चक्रण द्वारा पुनः-उपयोग के योग्य बनाने की अकल ही नहीं आयी।

अब मरते क्या न करते। शहर से दूर ही सही, आप एक बड़ा बांध निर्मित करते हैं, ताकि वहां से पानी लाया जा सके।आप आशा करते हैं कि उस बाँध के आसपास के गावों के संपूर्ण भू-परिदृश्य से जल एकत्र होकर आप द्वारा बनाये गये बांध में आयेगा। आता भी है। आप उस जल को सैकड़ों किलोमीटर दूर से लाकर अपने शहर में वितरित करते हैं। यह कार्य अत्यंत आवश्यक था, वर्ना जयपुर अपनी दुर्दशा के नए आयाम देख लेता। शहर के लोगों की प्यास बुझने लगती है। दो-चार साल का काम चलता है। पर तभी अचानक फिर प्यासे मरने की नौबत आती है। क्यों? उपरोक्त स्थिति का उत्तर पाने के लिये एक बार ऊपर लिखा किस्सा पुनः पढ़ लीजिये।

शहर अब धीरे धीरे पानी की जरूरत पूरी करने के लिये निरंतर एक के बाद एक दूरी नापते हुये बहुत दूर से पानी लाने को लालायित हैं। देखने सुनने में यह व्यवस्था रोचक लगती है। लेकिन यदि आप द्वारा बनाया गये नये बांध के जलग्रहण क्षेत्र में लोग वनों और मिट्टी को सुरक्षित ना करें तो क्या होगा? पहली बात तो यह है कि असंरक्षित जलग्रहण क्षेत्र से पानी के साथ बहकर आने वाली मिट्टी बड़े बांध का जीवन शीघ्र समाप्त कर देगी। दूसरी बात यह है कि जिस वाटरशेड से पानी सिमट सिमट कर आपके नये बड़े बांध में आता है, उसके साथ आने वाली मिट्टी उन किसानों की आजीविका को भी बर्बाद करके ही आती है, जिनके पास उस मिट्टी, पेड़ और वनों को संरक्षित करने के लिये आर्थिक संसाधन नहीं हैं। तब क्या कोई रास्ता है?

रास्ता तो है। दुनिया के तमाम शहर उस रणनीति का उपयोग कर स्वयं भी प्रसन्न हैं और अपने आसपास के किसानों को भी प्रसन्न रखे हुये हैं। पूरे विश्व में आज ग्रामीण-किसानों और शहरवासियों के बीच एक रोचक आर्थिक रिश्ता बन रहा है, जिसमें शहर के लोग ग्रामवासियों को उनके द्वारा जलग्रहण क्षेत्र में वनों और मिट्टी को सुरक्षित रखने के लिये भुगतान करते हैं। केवल ऐसे संरक्षित क्षेत्रों से ही साफ-सुथरा पानी बांधों को मिलता है, जिनसे अंत में शहरों को जल प्रदाय किया जाता है। इस कार्य को पूरा करने के लिये ग्रामवासी उच्चकोटि के जलग्रहण विकास कार्यक्रमों को क्रियान्वित करते हैं, जिनमें छोटे-छोटे एनीकट, तालाब और मृदा और जल-संरक्षण संरचनायें आदि शामिल हैं। इसके साथ ही जलग्रहण क्षेत्र के वनों और वनस्पतियों का संरक्षण भी किया जाता है।

**भारत में प्राचीन काल से जल प्रबंध एक पूर्ण वैज्ञानिक प्रक्रिया के द्वारा संचालित होता रहा है। जहाँ वर्षा जल संग्रह की तालाब, तलाई, बंधी, बंधुलिया आदि जैसी संरचनायें नष्ट हुई हैं, वहां भू-जल का स्तर तेजी से नीचे गिरा है। तालाब (सतही जल) और कुआँ (भूजल) स्तर के बीच पक्की और मजबूत परस्पर क्रिया पाई जाती है।**

स्वाभाविक है कि शहरों को पानी पीना है तो शहरवासियों को अपने बौद्धिक दिवालियापन को छोड़कर आसपास के जलग्रहण क्षेत्रों में तालाब व एनीकट जैसे बहुआयामी जीवनदायी ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर में स्वयं निवेश करना होगा। जहाँ से पानी आ रहा है, वहां के नागरिकों को जलग्रहण विकास के लिये मुआवजा देना अब दुनिया के बड़े शहरों की नई आर्थिक व्यवस्था है। हाल ही में हुये एक अध्ययन के अनुसार दुनिया के 416 बड़े शहर यही कर रहे हैं जहाँ कुल मिलाकर 25 बिलियन डॉलर से अधिक का लेन-देन हो रहा है। दरअसल अब पूरी दुनिया में जलग्रहण सेवाओं में निवेश बढ़ रहा है। डाउनस्ट्रीम शहर में पानी के उपयोगकर्ता, पेयजल की रक्षा करने वाले कार्यों के लिये अपस्ट्रीम वाटरशेड सेवा आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान करते हैं। ऐसे कार्यक्रम 4.3 मिलियन हेक्टेयर से ज्यादा वाटरशेड क्षेत्रों में 170 मिलियन डॉलर के निवेश से चल रहे हैं। इन कार्यक्रमों से 230 मिलियन से अधिक लोगों को साफ़ पानी प्राप्त हो रहा है (देखें, नेचर कम्युनिकेशंस, 2018, 9:4375)।

वर्षा-जल संग्रह की छोटी संरचनायें क्लाइमेट चेंज के युग में कार्बन-संचय में भी बड़ा काम करती हैं। दुनिया भर में इस प्रकार के तालाब, एनिकट, पोंड्स या इम्पाउंडमेंट प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं। अध्ययन बताते हैं कि 500 मिलियन ऐसी छोटी जल संग्रह संरचनायें दुनिया भर में मौजूद हैं। जितना जैविक कार्बन दुनिया के इन 500 मिलियन छोटे तालाबों और खेत-तलाइयों में सालाना जमा होता है, वह विश्व के सभी महासागरों में सालाना जमा होने वाले जैविक कार्बन से ज्यादा है। पूरी दुनिया के आंकड़े जोड़ने पर ज्ञात होता है कि प्राकृतिक झीलों में जहाँ कुल 30 से 70 टेराग्राम कार्बन सालाना जमा होता है, वहीं इन तालाबों, एनिकट आदि में 150 से 220 टेराग्राम कार्बन सालाना जमा होता है। हालांकि जैविक कार्बन के वर्तमान कुल संग्रहण (1000 से 4000 टेराग्राम कार्बन सालाना) की तुलना में यह दर मामूली है, परन्तु यह दर दुनिया भर के महासागर के तलछट में जैविक कार्बन के कुल भंडारण--120-240 टेराग्राम कार्बन सालाना--से अधिक हैं। इन संरचनाओं में ऑर्गनिक कार्बन के जमा होने की दर अधिक से अधिक 17,000 ग्राम कार्बन प्रति वर्ग मीटर प्रति वर्ष से लेकर कम से कम 148 ग्राम कार्बन प्रति वर्ग मीटर प्रति वर्ष हो सकती है। रोचक बात यह है कि छोटी जल-भराव संरचनाओं में यह दर तुलनात्मक रूप से अधिक थी (देखें, ग्लोबल बायोजियोकेमिकल साइकल्स, 2008, 22: जीबी1018)।

जलग्रहण क्षेत्र विकास एवं पेमेंट फॉर एनवायरमेंटल सर्विसेज के उपरोक्त सिद्धांत, जिनकी चर्चा आज यहां की गई है, को राजस्थान के प्रत्येक शहर में लागू करना अनिवार्य है। आने वाला समय उस परस्पर आर्थिक समन्वय से होने वाले विकास का है, जिसमें शहर और गांव एक दूसरे की मदद करते हुये परस्पर सतत विकास में योगदान दें। हालांकि दुनिया में इस प्रकार की तमाम व्यवस्थायें खड़ी हो चुकी हैं, परंतु अभी हम सो रहे हैं। हमें गहरी नींद से जागना होगा। विशेषकर हमारे उन इंजीनियर्स को जिन्हें केवल बड़े बांधों में ही भारत का आर्थिक-सामाजिक मोक्ष दिखाई देता है। बड़े बांध उपयोगी हैं, लेकिन उनकी सतत उपयोगिता बनाये रखने के लिये छोटे तालाब, खेत तलाई और एनीकट और भी अधिक महत्वपूर्ण हैं।

मध्य प्रदेश में पूर्व रीवा रियासत को बघेलखंड के नाम से पहचाना जाता है। यहाँ गांवों में लगभग 5000 तालाब हैं, जो कम से कम 200 वर्षों से लेकर 2000 वर्ष तक पुराने हैं। इन सब की पाल पर वृक्षों और वनस्पतियों के उगाने की परम्परा भी आज तक जीवित है। खेत, तालाब और तालाब की पाल पर वृक्षों की कतारें और उनके ठीक नीचे आम का बगीचा! और उस बगीचे में एक देवस्थान! ऐसे तालाब आप सतना, रीवा, सीधी और शहडोल जिलों के किसी गाँव में देख सकते हैं। यह बघेलखंड का सिग्नेचर-लैंडस्केप है। बुंदेलखंड कहे जाने वाले क्षेत्र में भी यही स्थिति मिलती है। भारत में प्राचीन काल से जल प्रबंध एक पूर्ण वैज्ञानिक प्रक्रिया के द्वारा संचालित होता रहा है। जहाँ वर्षा जल संग्रह की तालाब, तलाई, बंधी, बंधुलिया आदि जैसी संरचनायें नष्ट हुई हैं, वहां भू-जल का स्तर तेजी से नीचे गिरा है। तालाब (सतही जल) और कुआँ (भूजल) स्तर के बीच पक्की और मजबूत परस्पर क्रिया पाई जाती है। इसलिये, तालाब और कुयें दोनों को पूरक संरचनाओं के रूप में देखा और प्रयुक्त किया जाना चाहिये। सोलर वाटरपंप भी ऐसी ही पूरक संरचना है। हाइड्रोलॉजिकल संतुलन बनाये रखने व स्थायी रूप से जल संसाधनों का उपयोग और प्रबंधन करने के लिये तालाब एक विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता हैं।

इतना जान लेना उपयोगी होगा कि पानी नहीं बचाया तो सभ्यताओं का विनाश तय है। यह बात बेहद साधारण होते हुये भी समकालीन नागरिकों को समझ में नहीं आती। परंतु इसमें कोई संदेह नहीं है कि अगर आपने जल संरक्षण नहीं किया तो आज नहीं कल शहरों और गांवों का मिटना सुनिश्चित है। हाँ, शहर पहले उजड़ेंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# सरकारी स्कूल के कमरों में दरार, बारिश के मौसम में मंडरा रहा खतरा

## पावटा के उच्च माध्यमिक विद्यालय में लगभग 1200 बालक व बालिका अध्ययनरत हैं

**■ विद्यालय की दशा में सुधार के लिए प्रशासन और नगरीय निकाय की ओर से अब तक कोई पहल नहीं की गई है**

**पावटा,** (निसं)। क्षेत्र में संचालित सरकारी स्कूलों की स्थिति भगवान भरोसे है। इनमें राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा उन पुराने सरकारी विद्यालयों में से एक है। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य जयसिंह यादव ने बताया कि विद्यालय के मुख्य कमरे, प्रधानाचार्य कक्ष, कार्यालय, पुस्तकालय, क्रीडा कक्ष, लाइब्रेरी, आदि में पानी टपकने से सामग्री वस्तुएं खराब होने का डर बना रहता है।

वहीं विद्यालय में प्रयोगशाला व कमरों में बारिश में पानी टपकता है व बड़ी-बड़ी दरारें हैं। इसका कनिष्ठ अभियंता व सर्वेयरों द्वारा सर्वे भी करवाया गया था। सर्वेयरों द्वारा लगभग 12 लाख का खर्चा बताया गया था। जयसिंह यादव ने बताया कि शुरुआत में दीवारों में दरारें सामान्य थी जो दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। बारिश का दौर जारी होने के कारण जमीन की मिट्टी नम रहती है। इस तरह से दरार बढ़ती जा रही है, उससे दुर्घटना की संभावना भी बढ़ती ही जा रही है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लगभग 1200 बालक व बालिका अध्ययनरत हैं। वहीं विद्यालय में कमरों, बरामदों में दरार को देखते हुए केवल दीवार ही नहीं बल्कि स्कूल की छत की दशा भी बेहतर नहीं है। समय-समय पर विद्यालय अपने स्तर पर कार्य करवा कर थोड़ी बहुत मरम्मत करवा देता है। छत से पानी रिसने के कारण बच्चों को खासी परेशानी होती है। अभिभावकों में डर बना रहता है। विद्यालय की दशा में सुधार के लिए प्रशासन और नगरीय निकाय की ओर से अब तक कोई पहल नहीं की गई है। कमरों की दीवार ढहने या बरामदे की छत गिरने से कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य कमरों में बारिश के मौसम में पानी टपकता रहता है।

# 'समय रहते कपास की फसल में सफेद मक्खी रोग पर नियंत्रण आवश्यक'

**■ कृषि विभाग श्रीगंगानगर ने जारी की एडवाइजरी**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जुलाई माह में लगातार बादलवाही रहने व बरसात रहने के कारण नमी बढ़ने के साथ गंगानगर में बीटी कपास व अन्य खरीफ फसलों में रस चूसक कीटों का प्रकोप बढ़ने की संम्भावना बढ़ी है। इस संबंध में कृषि विभाग की ओर से किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. जी.आर. मटोरिया ने बताया कि इन दिनों बीटी कपास की फसल में रस चूसक कीटों में सफेद मक्खी, हरा तैला (जैसिड) एवं थ्रिप्स का प्रकोप देखा गया है। बीटी कपास में सफेद मक्खी का प्रकोप अन्य रस चूसक कीटों की अपेक्षा अधिक पाया गया है। समय पर सफेद मक्खी पर नियंत्रण के उपाय नही अपनाए जाए तो उत्पादन में अत्यधिक कमी हो सकती है। उन्होने बताया कि सफेद मक्खी के बारे में जानना एवं नियमित रूप से खेत का निरीक्षण कर प्रभावी नियंत्रण करना अति आवश्यक है। सफेद मक्खी तेज उड़ने वाला, पीले शरीर और सफेद पंख का कीट है। छोटा एवं हल्का होने के कारण यह कीट हवा द्वारा आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर चला जाता है। इस कीट की प्रौढ़ मादा अपने जीवन काल में 100-125 अण्डे देती है। अण्डे पत्तियों की निचली सतह पर दिए जाते हैं।

इसके अण्डाकार शिशु पत्तों के निचली सतह पर चिपके रह कर रस चूसते रहते हैं और एक चिपचिपा पदार्थ उत्पन्न करती है, जिसे हनीडयू कहा जाता है। इसके कारण पौधों में फंगल की बीमारी हो जाती है। सफेद मक्खी से ग्रसित पौधे पीले व तैलीय दिखाई देते हैं एवं पौधों की पत्तियां सिकुड़ कर मुड़ने लगती हैं। इस प्रकार प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न होती है, जिसके कारण उपज एवं उत्पाद की गुणवत्ता में काफी कमी आती है।

सफेद मक्खी लीफकर्ल वायरस जैसे विषाणु को फैलाने में वेक्टर के रूप में कार्य करती है। उन्होंने बताया कि किसानों को चाहिए की वह अपनी कपास की फसल का बारीकी से निरीक्षण करें तथा निरीक्षण के दौरान सफेद मक्खी के 8-12 वयस्क प्रति पत्ती, 16-20 अवयस्क (निम्फ) प्रति पत्ती पाए जाने पर ही कीटनाशकों का छिड़काव करना चाहिए।

सफेद मक्खी कीट प्रबंधन के लिए खाली पीपों पर पीला पेंट व अरण्डी का तेल लगाकर 8 से 12 प्रति बीघा की दर से कपास फसल में कीट के सक्रिय काल में लगायें। कपास के खेत में व आस-पास खरपतवार जैसे कांगी बूटी, पीली बूटी, कांग्रेस घास, जंगली सूरजमुखी इत्यादि को नष्ट कर दें, क्योंकि इस पर सफेद मक्खी ज्यादा पनपती है।

# बारिश से नमक उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ

**■ तालाबों में पानी की आवक जारी,**
**■ नमक उत्पादकों ने यहां बरसात के कारण करोड़ों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया है।**

**जोधपुर,** (कासं)। जिले में गत तीन दिन तक हुई भारी बारिश से फलोदी-बाप क्षेत्र का नमक उद्योग तबाही के कगार पर पहुंच गया है। भारी बारिश का यह आलम है कि बाप क्षेत्र में तीन दिन से बारिश की एक बूंद नहीं गिरी, लेकिन नमक उत्पादन क्षेत्र बाप रिण, गुड्डी रिण व मलार रिण में बरसाती पानी की आवक जारी है। भारी पानी आने से गुड़ी व मलार रिण का इलाका जलमग्न हो गया है। जिस वजह से वहां का नमक उद्योग को भारी नुकसान पहुंचा है।

**कुएं और क्यारियां ध्वस्त :-** पानी में डूबे सैकड़ों कुएं ध्वस्त हो रहे हैं। क्यारियां क्षतिग्रस्त हो रही हैं। ऐसे में यहां 4 से 6 माह तक नमक का उत्पादन बंद ही रहेगा। नमक उत्पादकों ने यहां बरसात के कारण करोड़ों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया है। बाप रिण क्षेत्र में जगह-जगह बरसाती पानी जमा है। जीएसएस के निकट रिण इलाका उथले समुद्र की भांति दिख रहा है। पानी की वजह से उत्पादक अपनी क्यारियों व कुओं तक नहीं जा पा रहे। सड़क के नजदीक जिनके कुएं व क्यारियां हैं वे पानी निकासी के जतन कर रहे हैं। नमक उत्पादन संगठन फलोदी के मधु जोशी ने बताया कि इस क्षेत्र में 400 इकाइयों में सालाना 2 से ढाई लाख टन नमक का उत्पादन होता है। पानी की वजह से बड़ी तादाद में कुएं ढहने के कगार पर हैं। नुकसान का सही आंकलन पानी उतरने के बाद पता चलेगा।

# पिता की स्मृति में बालिकाओं के लिए कॉम्पलैक्स बनवाया

**■ सांभर दरबार स्कूल को मिली एक और बड़ी सौगात**

**सांभरझील,** (निसं)। यहां महात्मा गांधी राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय इंग्लिश मीडियम स्कूल में अध्ययनरत बालिकाओं की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए स्कूल प्रशासन की ओर से अनुरोध किए जाने पर मुंबई व्यवसाई सांभर प्रवासी नवनीत चौधरी ने अपनी माता राधादेवी की इच्छा पर अपने पिता जुगलकिशोर चौधरी की स्मृति में आधुनिक सुविधाओं युक्त पांच लाख से अधिक की राशि खर्च कर वॉशरूम कॉपलेक्स बनवा कर इसे स्कूल प्रशासन को समर्पित किया।

इस गर्ल्स वॉशरूम कॉम्पलेक्स का लोकार्पण शनिवार को सांभर समाज चैरिटेबल ट्रस्ट, सांभर समाज मुम्बई व नागरिक समिति के पदाधिकारियों की ओर से प्रधानाचार्य टीकमचंद मालाकार व स्कूल स्टाफ के अलावा अनेक गणमान्य लोगों की मौजूदगी में फीता काटकर इसे स्कूल प्रशासन की सुपुर्द किया। स्कूल प्रशासन को विगत वर्षों में विद्यालय में विकास के लिये भामाशाहों की ओर से मिल रहे अपेक्षित योगदान व सहयोग से अभिभूत होकर सांभर समाज चेरिटबल ट्रस्ट, मुम्बई द्वारा लाइब्रेरी ब्लॉक की रिपेयरिंग के लिये तीन लाख रूपये, गट्टानी चेरिटबल ट्रस्ट की ओर से रमेश गट्टानी ने करीब पौने दो लाख रूपये की लागत का एक स्मार्ट बोर्ड स्कूल को भेंट किये जाने की घोषणा की तो मौजूद सभी ने उनका करतल ध्वनि से स्वागत किया।

उक्त कार्यक्रम के दौरान स्कूल में बालिकाओं की ओर से आकर्षक रंगोली बनायी गयी तथा सभी अतिथियों का जोरदार अभिनन्दन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य टीकमचन्द मालाकार ने भामाशाहों को स्कूल का अवलोकन करवाया तथा निरीक्षण के दौरान सभी ने स्कूल प्रशासन की ओर से करवाये जा रहे बेहतर कार्य के लिये जमकर तारीफ भी की।

इस मौके पर सांभर समाज चेरिटेबल ट्रस्ट मुम्बई के अध्यक्ष रमेश गट्टानी, ओमप्रकाश लाहोटी, नवनीत लाहोटी, नन्दकिशोर हुरकट, ओमप्रकाश टाक, नागरिक विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल गट्टानी, सचिव अरूण शर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र डांगरा, नेशनल यूथ अवार्डी पवन कुमोर मोदी, लवण व्यवसायी अखिलेश माथुर, पूर्व पार्षद नाथूलाल गट्टानी, सेवानिवृत्त शिक्षक शेरसिंह बारेठ की मौजूदगी रही। मंच संचालन नेमीचन्द व गजानंद कुमावत ने किया।



सांभर महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में भामाशाहों ने गर्ल्स वॉशरूम कॉम्पलेक्स का उद्घाटन किया।

## राशिफल रविवार 31 जुलाई, 2022



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, मघा नक्षत्र दिन 2:20 तक, वारियान योग सांय 7:10 तक, तैतिल करण दिन 3:40 तक, चन्द्रमा सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मेष, बुध-कर्क, गुरू-मीन, शुक्र-मिथुन, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से दिन 2:20 तक है। राजयोग दिन 2:20 से रात्रि 4:19 तक है। रवियोग 2:20 से आरम्भ होगा। आज बुध मघा सिंह से रात्रि 3:45 पर प्रवेश करेगा। आज मधुश्रवा तीज, लघु तृतीय व्रत और मेला तीज जयपुर में है। आज से मुहर्रम मु.मास हिजरी सन 1444 आरम्भ होगा।

श्रेष्ठ चौघड़िया: चर 7:34 से 9:14 तक, लाभ-अमृत 9:14 से 12:33 तक, शुभ 2:13 से 3:52 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:54, सूर्यास्त 7:12

**मेष**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी और परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**वृष**
घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। आज परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मिथुन**
महत्वपूर्ण और अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**कर्क**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**सिंह**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। कार्यों में सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**तुला**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आवश्यक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृश्चिक**
महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**धनु**
धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**कुंभ**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। स्वास्थ्य से संबंधित चिन्ता दूर होगी।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 356 प्रभात जयपुर, रविवार 31 जुलाई, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Passages through power I Irritated Them...** The plans were changed and the arrested preacher was flown into Delhi. I am convinced that I saved his life.

**MEMORIES: A Tryst with Rafi**

**Covid Antibodies In Eggs** Deploying antibodies for effective treatment




*कॉमनवैल्थ गेम्स में 30 जुलाई का दिन भारत के लिए बहुत शानदार रहा। देश को वेटलिफ्टिंग में तीन पदक मिले हैं, मीराबाई चानू ने एक बार फिर भारत को गोल्ड मैडल दिलाया है। ओलंपिक की सिल्वर मैडलिस्ट मीराबाई चानू ने 49 कि.ग्रा वेट कैटिगिरी में गोल्ड हासिल किया है। चानू ने दो राउण्ड में कुल मिलाकर 201 किलोग्राम वजन उठाया और भारत को स्वर्णिम सफलता दिला दी। इसके साथ ही संकेत महादेव सरगर ने 55 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर व गुरुराजा पुजारी ने 61 किलोग्राम वर्ग में ब्रोंज मैडल अपने नाम किया। संकेत ने स्नैच में 113 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 135 कि.ग्रा. भार उठाया। इस तरह कुल 248 कि.ग्रा भार उठाकर सिल्वर मैडल जीता। संकेत सिर्फ एक किलो के अंतर से गोल्ड नहीं जीत सके।*

# 'बाद में मत कहना, हमने आपको चेतावनी नहीं दी थी'

## 1962 में चीन ने भारत से फिर 1979 में वियतनाम से युद्ध छेड़ा था और युद्ध के पहले दोनों देशों, भारत व वियतनाम को यह वाक्य सुनाया था

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 जुलाई। यह वर्ष 1962 था जब चीन ने भारत से सीमाई युद्ध लड़ा और वर्ष 1979 में चीन ने वियतनाम से युद्ध किया। इन दोनों ही वर्षों में चीन में चीन के पीपल्स डेली ने टिप्पणी की थी।

"यह मत कहना कि हमने आपको चेतावनी नहीं दी थी"

इसी वाक्यांश को अब चीन के थिंक टैंक्स द्वारा दोहराया गया है, जिन्होंने अमेरिका को चेतावनी दी है कि यदि अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी अपने वर्तमान एशिया दौरे के दौरान ताइवान द्वीप की यात्रा करती हैं तो चीन के पास अर्थव्यवस्था से लेकर कूटनीति तक की व्यापक बदले की कार्रवाइयां और सैन्य विकल्प खुले हैं।

विश्लेषकों द्वारा इस धमकी की व्याख्या की जा रही है, जिसका तात्पर्य है कि नैंसी पेलोसी को ताइवान के एयर स्पेस में लाने वाले किसी भी एयरक्राफ्ट को मार गिराया जाएगा।

- **अब चीन ने यह वाक्य अमेरिका को भी कहा है। चीन ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि, अगर अमरीकी हाऊस की स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने ताइवान की यात्रा की तो, चीन की सेना चुपचाप नहीं बैठेगी।**
- **इसका कूटनीति भाषा में अर्थ होता है कि, चीन पेलोसी के हवाई जहाज को मार गिरायेगा।**
- **इस सीधी धमकी के उत्तर में अमेरिका का क्या रूख रहेगा? क्या अमेरिका चुपचाप पेलोसी की यात्रा रद्द करायेगा?**
- **चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, पेलोसी अमेरिका की वरीयता की दृष्टि से तीसरे नम्बर की वरिष्ठ राजनीतिक हस्ती होने के बावजूद, यदि ताइवान की यात्रा करती हैं तो, चीन व अमेरिका के बीच कूटनीतिक संबंधों का आधार, "एक चीन सिद्धांत" का उल्लंघन होगा। अगर अमेरिका अपने दु:साहस पर अड़ा रहा तो, चीन की सेना भी चुपचाप नहीं बैठी रहेगी।**

यदि इसे ताइवान के प्रश्न पर शी की अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन को दी गई चेतावनी के साथ पढ़ा जाए तो चीन की सेना के मारकाट के इरादे स्पष्ट हो जाते हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिंनपिंग ने गुरूवार की रात्रि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की, जिसमें उन्होंने ताइवान मुद्दे की गंभीरता और महत्व को लेकर एक बार फिर से चेतावनी देते हुए कहा कि "जनता की राय की अवज्ञा नहीं की जा सकती। जो लोग आग से खेलते हैं वे उसी में जलकर मर जाते हैं। उम्मीद है कि इसको लेकर अमेरिका सजग हो जाएगा।"

विशेष रूप से चीन की रक्षा सेनाओं ने यह जता दिया है कि यदि पेलोसी ताइवान का दौरा करती हैं तो उसकी पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पी.एल.ए.) हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठी रहेगी। चीन का राष्ट्रीय मीडिया कहता है कि संकेत ये हैं कि पी.एल.ए. सभी परिदृश्यों में पूर्ण रूप से तैयार है।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस सप्ताह की शुरूआत में खबर दी थी कि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिका चीन की धमकियों के मद्देनजर पेलोसी का दौरा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महंगाई पर बहस

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 जुलाई। सरकार के कीमत वृद्धि पर बहस से इंकार और इसे लेकर संसद के शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों में विपक्ष के शोर शराबे से एक पखवाड़े तक कामकाज ना होने के बाद लोकसभा के ऐजेण्डे के अंत में सोमवार के लिए एक बहस सूचीबद्ध की गई है। इस विषय पर शिवसेना के विनायक राउत और कांग्रेस के मनीष तिवारी के प्रस्ताव पर नियम 193 के अन्तर्गत सूचीबद्ध की गई है। यह बहस राज्यसभा के एजेण्डे में अब भी सूचीबद्ध नहीं है, लेकिन कीमत वृद्धि पर सरकार को

- **लोकसभा में सोमवार को महंगाई पर बहस करवाई जाएगी। उम्मीद है कि लोकसभा की कार्यवाही सुचारू रूप से चलेगी।**

बहस कराने के लिए अन्तत: बाध्य करने के बाद विपक्ष दोनों सदनों में गतिरोध समाप्त कर सकता है। तथापि लोकसभा का प्रस्ताव खाद्य पदार्थों पर हाल ही बढ़ाई गई जी.एस.टी. दरों पर मौन है, जिसने विपक्ष को उद्वेलित किया था।

यह यद्यपि स्पष्ट नहीं है कि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा इस सप्ताह की शुरुआत में मीडिया से बातचीत के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को "राष्ट्रपत्नी" बताने को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के बीच वाक् युद्ध जारी रहेगा या नहीं। हालांकि चौधरी ने राष्ट्रपति से व्यक्तिगत रूप से माफी मांगने का समय ना मिलने के बाद उन्हें

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मेघालय में भाजपा अध्यक्ष "सैक्स रैकेट" में लिप्त'

## पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि, उनके तीस कमरे वाले फॉर्म हाऊस से 73 व्यक्तियों को छुड़ाया गया, इनमें 23 महिलाएं व पांच बच्चे शामिल हैं

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 जुलाई। कांग्रेस ने भाजपा के मेघालय उपाध्यक्ष बर्नार्ड मारक के सैक्स रैकेट की जांच कराने की शनिवार को मांग की। इस रैकेट का खुलासा तब हुआ जब पुलिस ने वैस्ट गारो हिल्स जिले के तूरा की सरहद स्थित उनके 30 कमरों के फार्म हाउस पर छापा मारा। इसमें 73 लोगों को मुक्त कराया गया, जिसमें 23 महिलाएं और 5 बच्चे शामिल थे।

कांग्रेस ने कहा कि फार्म हाउस में छापे का नेतृत्व करने वाले वैस्ट गारो हिल्स के एस.पी. विवेकानंद सिंह राठौड़ ने कहा था कि मारक के तार फरवरी में हुए एक अपराध से जुड़े हुए हैं जिसमें दो नाबालिक लड़कियों को फार्म हाउस में ले जाया गया और उनसे एक हफ्ते तक कई बार बलात्कार किया गया।

पार्टी प्रवक्ता अजोय कुमार ने शनिवार का यहां एक प्रैस कांफ्रेंस में

- **उपाध्यक्ष बर्नाड मारक फरार हो गये थे, पर पुलिस ने उन्हें हापुड़ में गिरफ्तार किया।**
- **भाजपा ने इसे, नैशनल पीपल्स पार्टी की सरकार की प्रतिशोध से की गयी कार्यवाही बताया।**

बताया कि मेघालय पुलिस को छापे के दौरान विस्फोटक और परम्परागत हथियार मिले थे जिनमें 35 जिलेटिन छड़ें, 100 डिहोनेटर्स, 4 धनुष और 15 तीर शामिल थे। छापे में शराब की 400 बोतलें और गर्भ निरोधकों के 500 से अधिक प्रयुक्त पैकिट बरामद किए गए थे।

उन्होंने बताया कि मारक फरार हो गए थे, लेकिन उन्हें उत्तर प्रदेश के हापुड़ में पकड़ लिया गया और मंगलवार को तूरा में उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। छापे के दौरान मुक्त करायी गई एक नाबालिग लड़की की मैडिकल जांच में जब यह पाया गया कि उसके साथ कई बार बलात्कार किया गया है, उसके बाद उनके विरूद्ध पोक्सो में मुकदमा दर्ज किया गया।

डॉ. अजोय कुमार ने कहा कि बर्नार्ड मारक के विरूद्ध आरोपों की एक हिस्ट्री है और उनके खिलाफ 25 आपराधिक केस दर्ज हैं। वह एक प्रतिबंधित उग्रवादी एवं विद्रोही संगठन आचिक नैशनल वोलान्टेयर काउन्सिल (ए.एन.वी.सी.-बी.) के स्व घोषित अध्यक्ष के थे, लेकिन वे अब भी व्यापारियों से धन ऐंठने, हथियारों की स्मग्लिंग, अवैध रूप से शराब और लॉटरी टिकट बेचने और दूसरों की सम्पत्तियों पर कब्जा करने जैसी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा "लेकिन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इन्कम टैक्स रिटर्न

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 जुलाई। इन्कम टैक्स विभाग के ट्वीट्स से संकेत मिलता है कि इन्कमटैक्स रिटर्न (आई.टी.आर.) भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई ही रहेगी इसे आगे नही बढ़ाया जाएगा। क्योंकि विभाग लगातार आई.टी.आर भरने और विलम्ब शुल्क से बचने के लिए कह रहा

- **इन्कम टैक्स विभाग के ट्वीट्स से स्पष्ट संकेत मिलता है कि, आई.टी.आर. फाइल करने की अंतिम तिथि, 31 जुलाई को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।**

है। नवीनतम ट्वीट कहता है कि 28 जुलाई तक 4.09 करोड़ आई.टी.आर. फाडल की जायुकी है जिनमे से 30 लाख से ज्यादा 28 जुलाई को फाइल की गई। जो लोग रविवार को अंतिम तिथि बढ़ाने की बात कर रहे थे वे परेशान हो सकते है। अभी तक जो रिटर्न फाइल हुई है उनकी संख्या पूर्व वित्तीय वर्ष में ऑडिट आई.पी.आर. की संख्याए से 1.7 करोड़ कम है।

वर्ष 2021-22 में कुछ 6.68

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अगर सभी राजस्थानी व गुजराती मुम्बई छोड़ गये तो, यहां कुछ पैसा नहीं बचेगा'

## महाराष्ट्र के राज्यपाल के इस कथन के खिलाफ उपराष्ट्रपति पद की विपक्ष की उम्मीदवार मारग्रेट अल्वा जबरदस्त आक्रमक हुई

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 जुलाई। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की इस टिप्पणी की कड़ी आलोचना हुई है कि "यदि सारे गुजराती और राजस्थानी राज्य से चले जाएं तो मुम्बई या ठाणे में धन नाम की चीज ही नहीं बचेगी।" उनकी भर्त्सना करने वालों में उप राष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा सबसे आगे रहीं।

शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने राज्यपाल कोश्यारी की आलोचना करते हुए उन पर आरोप लगाया कि वह हिन्दुओं को बांट रहे हैं। क्षमा की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि यह "मराठी मानुष" का अपमान है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ

- **मारग्रेट अल्वा ने राज्यपाल कोशियारी के इस कथन के लिये बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को भी दोषी बताया। श्रीमती अल्वा के अनुसार, धनखड़ ने यह रास्ता प्रशस्त किया है। विवाद उत्पन्न करना, बेवकूफी पूर्ण टिप्पणी करना और अपने आपको "एक्स्ट्रा कॉन्स्टिट्यूश्नल अथॉरिटी" जताने वाला राज्यपाल पुरस्कृत होता है।**
- **महाराष्ट्र के पूर्व मु.मंत्री उद्धव ठाकरे ने राज्यपाल कोशियारी की टिप्पणी को "मराठी मानुस" का अपमान बताया।**
- **मु.मंत्री शिंदे ने कहा, ये राज्यपाल की व्यक्तिगत टिप्पणी है, मैं इससे सहमत नहीं हूँ।**

शिंदे ने रक्षात्मक रूख का विकल्प अपनाते हुए कहा कि यह राज्यपाल की व्यक्तिगत टिप्पणियां हैं और वह उसका समर्थन नहीं करते।

कल एक भाषण के दौरान महाराष्ट्र

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'यू.पी. प्रशासन का योगी मॉडल कर्नाटक में नहीं चल सकेगा'

## कर्नाटक में सिविल सोसायटी के अगुवा, सुप्रीम कोर्ट के वकील के.वी. धनञ्जय और पूर्व डी.जी.पी. आर.के. दत्ता ने कहा, कर्नाटक के निवासी अपने अधिकारों के प्रति बहुत जागरूक हैं

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 जुलाई। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवाराज बोम्मई द्वारा आतंकवादियों और अपराधियों से निपटने के लिए योगी मॉडल अपनाए जाने की बात अगले स्तर पर पहुंच गई जब राज्य के उच्च शिक्षामंत्री सी.एन. अश्वथ नारायण ने घोषणा की कि पार्टी कार्यकर्ताओं की हत्या करने वाले आरोपियों का एनकाउंटर किया जा सकता है।

भाजपा कार्यकर्ता व नेता और दक्षिणपंथी समूह अपने कार्यकर्ताओं की हत्या पर काफी नाराज हैं, इन समूहों को शांत करने के लिए मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों के बयान से राज्य का सभ्य समाज हतप्रभ है और स्तब्ध है तथा कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के इस नितांत गैर कानूनी तरीके के सुझाव से बेहद आशंकित हैं।

सुप्रीम कोर्ट के वकील के.वी. धनंजय का मत है कि जिस किसी का भी दिमाग संतुलित है वह राज्य की संवैधानिक अथॉरिटी द्वारा प्रस्तावित अवैध कार्यों और धमकाने की प्रवृति का समर्थन नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा, इस तरह के बयानों से हैरानी होती है कि इतने ऊंचे पदों पर बैठे लोगों को संविधान, कायदे-कानून और नियमों की कोई समझ भी है या नहीं।

धनंजय ने कहा, पहले ही गुंडा एक्ट, यू.ए.पी.ए. जैसे कड़े कानून लागू हैं और यहां तक कि अदालतों ने भी ऐसे मामलों में सरकार का समर्थन किया।

फिर एनकाउंटर की जरुरत क्यों है? अपराधियों को गिरफ्तार करके जांच की जा सकती है और कानून के अनुसार मुकदमा चलाया जा सकता और मौत की सजा दी जा सकती है।

- **दोनों ने यह भी कहा कि, एनकाउन्टर व जे.वी.सी. से "क्रीमिनल्स" के घरों को गैर कानूनी तरीके से धराशायी करने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि गुण्डा एक्ट, यू.ए.पी.ए. एक्ट आदि सख्त कानून पहले ही उपलब्ध हैं, अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों से निपटने के लिये।**
- **यह माना जा रहा है कि, मु.मंत्री बसवाराज बोम्मई व उच्च शिक्षा मंत्री सी.एन. अश्वथ नारायण ने "क्रिमिनल्स" का एनकाउन्टर करने व उनके मकान ध्वस्त करने की बात अपनी पार्टी के कट्टरपंथियों को शांत करने के लिये कही है, क्योंकि ये लोग अपने साथी कार्यकर्ताओं की लगातार हो रही हत्या से अत्यन्त आक्रोशित हैं।**

इस तरह के बयानों पर कर्नाटक के पूर्व डी.जी.पी. आर. के. दत्ता गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि जहां तक पुलिस का सम्बंध है, सिर्फ संविधान का ही मॉडल है। मैं कोई और मॉडल नहीं जानता। इस तरह के बयान मुझे समझ में नहीं आते। क्या आप कानूनी प्रक्रिया के बिना किसी के घर पर बुलडोजर चला सकते हैं?

सुप्रीम कोर्ट कई फैसले हैं, जिनका कानून के रुप में पालन किया जा सकता है। यहां तक कि संविधान भी अनुच्छेद 21 के तहत जीवन का अधिकार प्रदान करता है, जिसमें घर और व्यक्ति की गरिमा भी शामिल है अगर आप देश के संविधान और कानून का उल्लंघन करते हैं तो कौन आपकी मदद कर सकता है?"

दत्ता ने भी हैरानी जताई कि कोई भी कैसे कह सकता है कि आरोपी का एनकाउंटर किया जा सकता है। मेरे सामने कभी भी एनकाउंटर जैसा शब्द नहीं आया।

कोई भी व्यक्ति यह कैसे कह सकता है कि हम एनकाउन्टर करेंगे। एनकाउन्टर जब होता है तो इसे पहले से नहीं बताया जा सकता है, वरना यह हत्या है।

दत्ता ने यकीन से कहा कि इस तरह की कार्यवाही कर्नाटक में कारगर नहीं होगी, खासकर दक्षिणी और पश्चिमी कर्नाटक में जहां लोग अपने अधिकारों के लिए जागरुक हैं। कर्नाटक में यह कहीं भी कारगर नहीं होगी, कहीं भी कारगर नहीं होगी। अगर कुछ कारगर है तो वह है देश के विधान के तहत लागू कानून की धाराएं।

भाजपा के समर्थक भी मानते हैं कि ऐसी बाते पार्टी के हित के खिलाफ है।

अपनी सरकार और मंत्रियों का बचाव करते हुए भाजपा की कर्नाटक इकाई के प्रवक्ता एस. प्रकाश ने कहा कि "मंत्री ऐसा कभी नहीं कहा कि हम एनकाउन्टर करेंगे। उन्होंने यही कहा कि जरुरत पड़ी तो हम एनकाउन्टर से हिचकिचाएंगे नहीं। मंत्री ने कन्नड में कहा था, और उसके अनुवाद में गड़बड़ हो गई। भाजपा नेता ने कहा, हम ये मॉडल वो मॉडल नहीं जानते हम न्याय चाहते हैं। यूपी से काफी खबरे आ रही हैं कि कैसे बड़े-बड़े माफिया ठंडे पड़ गए हैं, इसलिए यहां भी इसकी चर्चा हो रही है।"

# उत्तराखण्ड भाजपा

**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को महेन्द्र भट्ट को उत्तराखंड की प्रदेश भाजपा इकाई का

- **भाजपा के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने उत्तराखण्ड भाजपा अध्यक्ष पद पर महेन्द्र भट्ट की नियुक्ति की है।**

नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। वे मदन कौशिक का स्थान लेंगे।

भाजपा के महासचिव और मुख्यालयो के प्रभारी अरूण सिंह ने यह घोषणा की।

# इकोलॉजिकल जोन में कृषि भूमि पर बने रिसोर्ट पर जेडीए के अफसर मेहरबान?

## कूकस स्थित इस रिसोर्ट में निर्माणाधीन 2 होटलें तो सीज़ की, लेकिन बाकी हिस्से पर कोई कार्रवाई नहीं



कूकस स्थित रिसोर्ट में बनायी जा रही दो अवैध होटलों को जेडीए की प्रवर्तन विंग ने शनिवार को सीज किया।

**जयपुर** (कासं)। दिल्ली रोड स्थित कूकस में इकोलॉजिकल जोन में संचालित रिसोर्ट पर जेडीए प्रशासन आधी-अधूरी कार्रवाई करके लौट आया। कृषि भूमि पर यहां बिना भू-रूपांतरण कराये रिसोर्ट बनाया हुआ था। अब इसी रिसोर्ट के पिछले हिस्से में होटल के लिए बिना जेडीए की परमिशन 3 व 4 मंजिला दो होटलें बनायी जा रही है। शनिवार को जेडीए की प्रवर्तन टीम यहां पहुंची और दोनों इमारतों के प्रवेशद्वार और सीढ़ियों पर ईंटों की दीवार बनाकर सीलिंग की कार्रवाई की। अब सवाल यह उठता है कि जब जेडीए प्रशासन स्वयं मान रहा है कि पूरा रिसोर्ट इकोलॉजिकल जोन में कृषि भूमि पर बिना भू-रूपांतरण कराये अवैध तरीके से बना हुआ है तो फिर पूरा रिसोर्ट सीज़ क्यों नहीं किया गया?

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी के मुताबिक जोन-13 में इकोलॉजिकल जोन में स्थित ग्राम कूकस में खसरा नंबर 713/2533, 174/2536 और 2533/50 की कृषि भूमि पर बिना भू-रूपान्तण करवाये रिसोर्ट काफी समय से संचालित है। रिसोर्ट मालिक ने न तो कृषि भूमि का रूपांतरण कराया और न ही जेडीए से कोई निर्माण स्वीकृति ली।

■ कृषि भूमि का भू-रूपांतरण करवाये बिना ही बना है रिसोर्ट, अब दो होटलें बनाने की तैयारी थी

अब इसी रिसोर्ट के पिछले हिस्से में जेडीए की अनुमति के बिना 40 बाई 30 फीट में तीन मंजिल तथा 50 बाई 40 फीट में 4 मंजिला होटल बनायी जा रही थी। इस पर जेडीए प्रशासन ने 1 जून को रिसोर्ट संचालक को धारा 32-33 के नोटिस थमाये। इसके बावजूद भी अवैध इमारतों का निर्माण कार्य बंद नहीं हुआ।

इस पर जेडीए प्रशासन ने 29 जुलाई को पुनः धारा 34(क) का नोटिस जारी किया और शनिवार को यहां इंजीनियरिंग विंग की मदद से दोनों निर्माणाधीन होटलों के प्रवेश द्वार व सीढ़ियों पर ईंटों की दीवारें चुनवाकर सीलिंग की कार्यवाही की गई है। उधर जेडीए के अधिकारी यह जवाब नहीं दे रहे हैं कि जब उन्हें मालूम है कि पूरा रिसोर्ट इकोलॉजिकल जोन में कृषि भूमि पर बना हुआ है तो फिर सिर्फ निर्माणाधीन दोनों होटलों को ही सीज क्यों किया गया।

## करंट लगने से घोड़ी की मौत

**जयपुर** । प्रताप नगर इलाके में बिजली के खुले तार से करंट लगने के कारण घोड़ी की मौत हो गई, जबकि घुड़सवार उछलकर दूर जा गिरा। मौके पर ही तड़फती रही घोड़ी की थोड़ी देर बाद मौत हो गई। घुड़सवार ने बिजली वायर डालने वालों का विरोध किया तो उन्होंने मारपीट कर पत्थर फेंके। प्रताप नगर थाना पुलिस ने बीच बचाव कर घुड़सवार की जान बचाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि श्याम विहार कॉलोनी प्रताप नगर निवासी विजय कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। दोपहर करीब 11:30 बजे उसका भाई सूरज घोड़ी लेकर घर से निकला था। घुडसवारी कर वह भेरु सर्किल के पास पहुंचा। रोड पर पड़े बिजली के नंगे वायर से घोड़ी को करंट लगा गया और सूरज उछलकर दूर जाकर गिरा। उठकर संभलने पर देखा कि घोड़ी रोड पर गिरी तड़प रही थी। देखते ही देखते घोड़ी की मौके पर ही मौत हो गई। सूरज ने कॉल कर करंट से घोड़ी की मौत होने के बारे में घरवालों को बताया। बिजली के नंगे वायर रोड पर पटकने का झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगों से विरोध किया। गुस्साएं लोगों ने गलती मानने की जगह उसकी पिटाई कर दी। सूचना पर घटनास्थल पर सूरज के घरवाले पहुंचे। जिन्हें देखकर लोगों ने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची प्रताप नगर थाना पुलिस ने घायल सूरज की जान बचाई। मौके पर झोपड़ी में लगी अवैध बिजली लाइन को हटाया गया है।

# सरकारी जमीन का पट्टा बनाकर ढाई लाख रु. का ऋण उठाया

## दिल्ली रोड पर जयसिंहपुरा खोर स्थित राधा विहार कॉलोनी का मामला

**जयपुर** (कासं)। दिल्ली रोड पर जयसिंहपुरा खोर स्थित राधा विहार कॉलोनी में सरकारी जमीन का फर्जी पट्टा बनाकर 2.5 लाख रुपये का ऋण लेकर रकम गबन करने का मामला सामने आया है। मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट जयपुर महानगर द्वितीय के आदेश पर वर्ष 2007 के इस ऋण मामले में अब 15 वर्ष बाद माणक चौक थाने में इस्तगासे के जरिये मुकदमा दर्ज हुआ है।

त्रिपोलिया बाजार स्थित द राजलक्ष्मी महिला अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के सीईओ मोहम्मद इकबाल खान ने बताया कि माणक चौक थाने में फर्जी लोन उठाने वाली शाहीन, उसके पति मो. इस्माइल, बैंक की पूर्व अध्यक्षा फिरोजा बानो, गारंटर गुड्डी बेगम और रामविलास तथा ओम शिव गृह निर्माण सहकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

इकबाल खान ने आरोप लगाया कि भूमाफिया ने जयसिंहपुरा खोर स्थित सरकारी जमीन के खसरा नंबर 255/273 पर पहाड़ों की जमीन काटकर अवैध निर्माण किये। यहां चुंगी नाका के पास राधा विहार कॉलोनी में प्लॉट नंबर-1 एन की स्वामी शाहीन ने अपने भूखंड़ पर वर्ष 2007 में बैक से 2.5 लाख रुपये का ऋण लिया, लेकिन

■ कोर्ट के आदेश के बाद भूमाफियाओं के खिलाफ 15 साल बाद माणक चौक थाने में मुकदमा दर्ज

रकम नहीं चुकाई। उस वक्त राजलक्ष्मी बैंक की अध्यक्षा फिरोजा बानो थी और वह ही ऋण कमेटी की अध्यक्ष भी थी। जब ऋणी शाहीन ने लोन की किश्तें नहीं चुकाई और खाता एनपीए हो गया तो वर्ष 2011 में न्यायालय उपरजिस्ट्रार ने कुर्की व नीलामी की कार्रवाई शुरू की। तब मालूम चला कि बैंक में गिरवी रखा प्लॉट तो सरकारी जमीन का हिस्सा है। बैंक प्रशासन ने जांच पड़ताल की तो मालूम चला कि खसरा नंबर 255/273 ग्राम मानपुर सड़वा के राजस्व रिकॉर्ड में गैर मुमकिन पहाड़ दर्ज है। ऋणी शाहीन बानो पर वर्तमान में 7 लाख 83 हजार 723 रुपये का ऋण है, जिसकी वसूली के लिए बैंक ने माणक चौक थाने में मुकदमा दर्ज करने को परिवाद दिया, लेकिन न तो एफआईआर दर्ज हुई और न ही आरोपी पकड़े गए। इस पर बैंक ने कोर्ट में दायर किया। अब अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

# शहर की आबोहवा में घुले मो.रफी के नगमे

**जयपुर** । बॉलीवुड के अजीम फनकार मो.रफी की 42वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को यहां शास्त्रीय नगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान की ओर से संस्थान सभागार में हुए "अकेले हैं चले आओए जहां हो" शीर्षक से सांस्कृतिक कार्यक्रम में करीब दो दर्जन कलाकारों ने रफी के गाए सदाबहार नगमों को अपनी पुरकशिश आवाज में पिरोकर माहौल में मेलॉडी घोल दी।

संगीत निर्देशक अमित अनुपम के निर्देशन में सजे कार्यक्रम की शुरुआत में कलाकार आशीष मुखर्जी ने अकेले हैं चले आओ जहां हो...की दिलकश प्रस्तुति दी। इसके बाद अमर गायक मो.रफी के गीतों की मिठास का दौर चला,जिसमें कई कलाकारों ने सुर, लय और ताल की उम्दा बानगी दर्शाकर गीत पेश कर महफिल में रंग जमाया। कलाकार मुस्कान ने खोया-खोया चांद..., कोमल ने चुरा लिया है तुमने जो दिल को..., रजनी कुमावत ने झिलमिल सितारों का आंगन होगा..., जीनस कंवर ने रिमझिम के गीत सावन गाए..., प्राजक्ता ने ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं..., ममता शर्मा ने तू इस तरह से मेरी जिन्दगी में शामिल है..., साधना रावल ने चौदहवीं का चांद हो..., भूमि ने गुलाबी आंखें जो तेरी देखी...जैसी गीतों को सुरीली प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में दर्शकों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम में रीना बिस्वास, कशिश कंवर,अनुश्री, सुमित्र अठावाल, निकिता, इदरीश खान, गर्विता मंगल, कनिष्का, पलक, भावना, नविशा, मान्या, रीत और आराध्या, अंजना, स्वाति सिन्हा, तेजस और संजना समेत कई कलाकारों ने गीत पेश किए।

## होटल में युवती से दुष्कर्म किया

**जयपुर** । बजाज नगर इलाके स्थित एक होटल में युवती की अस्मत लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार वैशाली नगर निवासी 24 वर्षीया पीड़िता किसी मेडिकल कंपनी में जॉब करती है। उसकी राहुल उर्फ़ टिंकू मीणा से जान पहचान हुई थी, जिसने मेडिकल डिग्री दिलाने की बात कही थी। आरोप है 13 जुलाई की शाम राहुल ने पीड़िता को टोंक रोड स्थित होटल डायमंड में बुलाया, जहां कमरे में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिए। इसके बाद ब्लैकमेल कर कर पीड़िता को वापिस बुलाया और दुष्कर्म किया। राहुल ने पीड़िता से 20 हजार रूपए भी हड़प लिए। अब वह लगातार ब्लैकमेल कर 15 हजार रूपए की और मांग कर रहा है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

# वंडर सीमेंट के 'साथी मिलन समारोह' में उपहार वितरित





**जयपुर** । वंडर सीमेंट द्वारा साथी मिलन समारोह का आयोजन 28 जुलाई को अलवर मोटेल एंड रिसॉर्ट्स में किया गया जिसमें लगभग 1500 लोग सम्मिलित हुए। यह साथी मिलन समारोह राजमिस्त्री एवं ठेकेदार भाइयों के लिए कंपनी द्वारा हर 6 माह में किया जाता है। कंपनी द्वारा राजमिस्त्री व ठेकेदार को उनके द्वारा अर्जित पॉइंट्स के मुताबिक वाशिंग मशीन, आटा, चक्की, प्रेस, पंखे, गीजर इत्यादि जैसे उपहार वितरित किये गये।

समारोह की अध्यक्षता जोनल हैड मुकेश शर्मा ने की जिसमें मुख्य अतिथि संजय जोशी, विशिष्ट अतिथि हितेश मोगरा, राजस्थान टैक्निकल सर्विसेज हैड मनीष चौधरी थे। आगामी स्कीम की जानकारी तकनीकी अधिकारी ललित भारद्वाज ने दी, जिसमें कंपनी की मुख्य विशेषता क्वालिटी बताई गई। सभी अतितियों का स्वागत कंपनी के बिजनेस पार्टनर राजकुमार गुप्ता ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की टीम बीकानेर, जयपुर व अहमदाबाद से आई थी, जिसने प्रस्तुतियों से सभी का मनोरंजन किया। सेल्स अधिकारी मयंक व दिनेश ने मेहमानों का धन्यवाद दिया।

## सार-समाचार

### 78 साल के रामस्वरूप सोनी ने जीता गोल्ड



**जयपुर** (कासं)। आयु केवल एक अंक है, इस बात को शहर के युवा बुजुर्गों ने साबित किया। यहां के सवाई मानसिंह स्टेडियम में जयपुर बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित जयपुर डिस्ट्रिक्ट ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में 70 बरस से अधिक उम्र के नौजवानों का उत्साह और जोश काबिले तारीफ रहा। इस प्रतियोगिता में 78 वर्षीय अर्जुननगर, दुर्गापुरा निवासी रामस्वरूप सोनी ने गोल्ड मैडल जीता। उनका मुकाबला दान सिंह और प्रतिद्वंदी टीम में जितेंद्र राजवंशी और अरविन्द गर्ग के साथ हुआ। इस मुकाबले में रामस्वरूप सोनी और दान सिंह ने पहले मैच में 20-22 और दूसरे मैच में 13-21 से जीत दर्ज की। विजेता बनने पर रामस्वरूप सोनी को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### प्रिंसेस ने कारीगरों को प्रोत्साहित किया

**जयपुर** । सिटी पैलेस में चल रहे तीज पॉप-अप के समापन के दिन शनिवार को प्रिंसेस गौरवी कुमारी ने प्रिंसेस दीया कुमारी फाउंडेशन (पीडीकेएफ) और पैलेस एटेलियर की महिला कारीगरों को प्रोत्साहित किया। गौरतलब है कि सिटी पैलेस में पहली बार तीज पॉप-अप का आयोजन पीडीकेएफ और द पैलेस एटेलियर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। प्रिंसेस गौरवी ने कहा कि यह आयोजन काफी सफल रहा है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य आगंतुकों के बीच इस पारंपरिक त्योहार के बारे में जागरूकता पैदा करना था। पॉप-अप में पीडीकेएफ की महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित तीज संबंधित उत्पाद और लहरिया, टाई एंड डाई, हैंड ब्लॉक प्रिंट आदि से तैयार रेडीमेड वस्त्र ब्रिक्री के लिए प्रदर्शित किए गए। इसके अवाला पॉप-अप में कठपुतली शो और लोक गायकों द्वारा संगीत प्रस्तुति जैसी मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इस दौरान पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को तीज से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का अनुभव करने का अवसर मिला।

### युवती का देहशोषण कर ब्लैकमेलिंग

**जयपुर** । करणी विहार थाना इलाके में एक युवती से देहशोषण का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार इलाके निवासी 20 वर्षीया युवती की करीब दो साल पहले ग्रेजुएशन की पढाई के दौरान फेसबुक पर नेतराम मीणा से जान-पहचान हुई थी। आरोप है नेतराम उसे माता-पिता से मिलाने के बहाने जगतपुरा स्थित अपने कमरे पर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिए। इसके बाद वह लगातार ब्लैकमेल कर देहशोषण करता आ रहा है। उसने पीड़िता से 11 हजार रूपए भी हड़प लिए। कुछ दिन पहले पीड़िता ने नेतराम के मैसेज का जबाव नहीं दिया तो उसने उसके पिता एवं भाई को अश्लील फोटो भेज दिए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### गौ-संरक्षण में योगदान पर सम्मान

**जयपुर** (कासं)। गौ-संरक्षण में अपना बहुमूल्य योगदान देने पर भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ ने चार जनों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया है। सनराइज ऑर्गेनिक पार्क, श्रीपिंजरापोल गोशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पिछले दिनों 192 मीट्रिक टन गोबर निर्यात करने में अपना अहम योगदान देने पर सनराइज एग्रीलैंड एंड डवलपमेंट रिसर्च प्रा.लि. के डायरेक्टर प्रशांत चतुर्वेदी, कंपनी की रीजनल मैनेजर (मार्केटिंग) कोमल चौधरी कंपनी के कर्मचारी ओमप्रकाश मीणा को साफा पहनाकर व शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। इसी तरह गौ-माता के संरक्षण को लेकर समाचारों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने पर मैं हूं किसान कृषि पत्रिका के उप संपादक गुरजंट सिंह धालीवाल को फूल-माला पहनाकर व साफा बांधकर सम्मानित किया गया। ओएफपीएआई की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता गौड़ ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान हैनिमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता ने पुरस्कृत प्रतिनिधियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

### गलताजी में झूला उत्सव शुरू

**जयपुर** । उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ श्री गलता जी में पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में भगवान का झूला उत्सव आज प्रारम्भ हो गया है। युवराज स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि अगले 13 दिनों (श्रावण पूर्णिमा) तक भगवान सीताराम, रामलला ज्ञान गोपाली, श्रीनिवास अति आकर्षक सुसज्जित झूले में विराजमान रहेंगे। भाद्रपद के कृष्णपक्ष की प्रतिपदा 13 अगस्त को भगवान झूलों से गर्भगृह में विराजमान होंगे। भगवान के दर्शनार्थ नित्य सैंकड़ों श्रद्धालु गलता आ रहे हैं। श्रावण की सप्तमी को तुलसी जयन्ती व फूल बंगला उत्सव मनाया जाएगा।

### होम्योपैथी स्टूडेंट ने दिखाई प्रतिभा

**जयपुर** । स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज, सीतापुरा जयपुर के फर्स्ट ईयर स्टूडेंट का इण्डक्शन प्रोग्राम शनिवार को मनाया गया। कार्यक्रम में स्टूडेंट ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। बॉलीवुड सीन्स की मिक्सिंग के साथ स्टूडेंट की बनाई शॉर्ट फिल्म "मीम्स" ने दर्शकों को खूब हंसाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. मनीषा सक्सेना एडीशनल डॉयरेक्टर होम्योपैथी निदेशालय, जयपुर ने कहा कि हर दिन सीखने को मिलता है, लेकिन यह तय स्टूडेंट को ही करना है कि आपको क्या सीखना है। सीखने के लिए कुछ सिद्धांत स्टूडेंट को अपनाने होंगे जिनमें पंक्चुअलिटी सबसे पहला कदम है। दूसरा यह है कि हम जो काम हाथ में लें उसे शिद्दत के साथ पूरा करें।

# जिंदल ब्रांड के नाम से लोहे के नकली टीनशेड बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी

## वीकेआई पुलिस ने मैनेजर को दबोचा, मालिक फरार



वीकेआई थाना पुलिस ने जिंदल ब्रांड का नकली टीनशेड बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा मारा।

**जयपुर** (कासं)। जयपुर शहर में ब्रांडेड कंपनी जिंदल के नाम से लोहे के नकली टीनशेड बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई है। विश्वकर्मा इलाके में यह नकली फैक्ट्री चल रही थी। जहां जिंदल के नाम से नकली लोहे के टीनशेड का निर्माण और व्यापार होता था। पुलिस ने मौके से मैनेजर सुरेंद्र कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि फरार मालिक मोहित जैन की तलाश जारी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम वंदिता राणा ने बताया कि जयपुर के विश्वकर्मा इलाके में नारायण विहार रोड नंबर 6 पर जिंदल के नाम से फर्जी फैक्ट्री चल रही थी। इसकी सूचना

■ पुलिस ने फैक्ट्री से 20 टन नकली टीनशेड और जिंदल ब्रांड अंकित करने वाली लेजर मशीन जब्त की

मैसर्स ब्राण्ड प्रोटेक्शन प्राइवेट लिमिटेड जासोला दिल्ली के ऑपरेशन मैनेजर गौरव श्रीवास्तव और फील्ड ऑफिसर संजय वर्मा ने विश्वकर्मा थानाधिकारी रमेश सैनी को दी। इसके बाद नकली फैक्ट्री पर दबिश देने के लिए पुलिस टीम गठित की गई। शनिवार दोपहर में विश्वकर्मा के रोड नंबर 6 पर स्थित अरिहंत स्टील्स पर पुलिस ने छापा मारा। जहां से पुलिस ने लगभग 20 टन नकली टीनशेड, जिंदल ब्रांड नाम अंकित करने वाली लेजर मशीन को जब्त किया। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी मालिक मोहित जैन अपने मैनेजर सुरेंद्र कुमार के साथ मिलकर यह फर्जीवाड़ा कर रहा था। बाजार में जिंदल के नाम से बने नकली टीनशेड को असली बताकर बेचा जा रहा था। ग्राहक ब्रांडेंड कंपनी का टीनशेड समझकर खरीद लेता था। इस तरह आरोपी मोटा मुनाफा कमा रहे थे। वहीं, पुलिस इस मामले में आरोपी मैनेजर सुरेंद्र कुमार शर्मा से पूछताछ में जुटी है।

## नशा समाज को खोखला करता हैं, इसे रोंके:अमित शाह

**जयपुर** (कासं)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को चंडीगढ़ में 'नशीली दवाओं की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यक्रम में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के मुख्यमंत्री, चंडीगढ़ के प्रशासक, बीएसएफ, एनआईए और एनसीबी के अधिकारियों के साथ ही कई राज्यों के एएनटीएफ प्रमुख और एनकोर्ड सदस्य भी उपस्थित थे।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ड्रग्स की तस्करी और प्रसार किसी भी समाज के लिए बहुत घातक होता है। ड्रग्स तस्करी के बाद जब उसका प्रसार समाज में होता है तो वो पीढ़ियों को दीमक की तरह खोखला कर देता है ।

अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2014 में जब नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने, तब से भारत सरकार ने ड्रग्स के ख़िलाफ़ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया और धीरे-धीरे हम व्यवस्था में मौजूद छिद्रों को भरकर ड्रग्स के ख़िलाफ़ लडाई को अभेद्य और द्रुत गति से चलने वाली लडाई बनाया। ये लडाई गृह मंत्रालय अकेला नहीं लड सकता। जो बच्चे नशे में डूब चुके हैं, हमें उन्हें भी बाहर निकालना है और इसके लिए सामाजिक न्याय मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय की भी ज़रूरत है। आगे और युवाओं को ड्रग्स की लत न लगे, इसके लिए शिक्षा मंत्रालय, सामाजिक न्याय मंत्रालय और गृह मंत्रालय को साथ मिलकर काम करना होगा। इससे पैदा होने वाली डर्टी मनी से देश की सुरक्षा में सेंध न लगे और ऐसा विचार रखने वालों को रोकने के लिए भी गृह मंत्रालय बहुत कठोरता के साथ काम कर रहा है।

## 'भारद्वाज ऋषि के विमान शास्त्र से सीखें फ्यूल बनाने की प्रक्रिया'

**जयपुर** । वर्तमान युग में वेदों और संस्कृत वांग्मय में छुपे ज्ञान- विज्ञान के प्रायोगिक पक्ष को आज विश्व के सामने लाने की आवश्यकता है। वेद मर्मज्ञों के साथ सौर वैज्ञानिक, भौतिकवायु परीक्षक एवं वृष्टि वैज्ञानिकों की उपस्थिति में यज्ञों से पूर्व एवं यज्ञों के पश्चात मिलने वाले परिणाम, प्रभाव और परिवर्तित परिस्थितियों का आंकलन करना चाहिए। इससे ही वेदों में निहित ज्ञान- विज्ञान का महत्व आमजन में उजागर होगा।

भारद्वाज ऋषि के विमानशास्त्र जैसे ग्रंथों में यंत्र निर्माण की प्रक्रिया और उसमें काम में लिए जाने वाले फ्यूल में औषधीय तत्वों का विश्लेषण किया जाना ही वेदों में निहित ज्ञान- विज्ञान को संसार में पुनः स्थापित करेगा। ये विचार श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर तारा शंकर पांडेय ने राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं देव श्री बद्री नारायण ट्रस्ट के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित एक वैदिक संगोष्ठी में व्यक्त किए। संगोष्ठी में सारस्वत अतिथि के रुप में बोलते हुए प्रख्यात ज्योतिषी एवं संस्कृत मर्मज्ञ पंडित देव करण शर्मा ने कहा कि संसार की वेदना को समझ कर जो उसका निराकरण करता है, वही वेद है । वेद और उसमें निहित विज्ञान अनुशासन की पराकाष्ठा है। सूर्य स्वयं उदय एवं अस्त होने में अनुशासित है। वैदिक ज्ञान हमें अनुशासन से धर्म- अर्थ- काम- मोक्ष की प्राप्ति कराता है। विषय प्रवर्तन करते हुए संयुक्त शासन सचिव और गीता मर्मज्ञ पंकज ओझा ने कहा कि गीता सभी उपनिषदों का सार तत्व है। वह मां के समान पोषण करने वाली और कर्तव्य-अकर्तव्य का बोध कराने वाली है।

गीता वैश्विक कल्याण का आधार है। वैदिक संगोष्ठी के सह वक्ता डॉ.सुधाकर पांडेय ने अपने सार गर्भित उद्‌बोधन में कहा कि गीता और वेद में अनेक समानता है। दोनों में जीव की नित्यता और पुनर्जन्म को सिद्ध किया गया है। गोष्ठी के वक्ता के रूप में बोलते हुए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जम्मू-कश्मीर के सह आचार्य डॉ.प्रवीण शर्मा ने कहा कि वेद सृष्टि की तरह अक्षय-अनंत औरअनादि है। जब तक यह सृष्टि है तब तक वेद प्रासंगिक हैं।

## होम्योपैथी चिकित्सकों को प्रशिक्षण

**जयपुर** । केन्द्रीय आयुष मंत्रालय के सचिव व पद्मश्री वैद्य राजेश कोटेचा ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में राजस्थान के आयुर्वेद और होम्योपैथी चिकित्सकों को प्राइमरी प्री हॉस्पिटल ट्रॉमा केयर के लिए हैंड्स ऑन स्किल ट्रेनिंग सेंटर का शनिवार को यहां शुभारंभ किया। मानद विश्वविद्यालय एवं लाइफ लाइन फाउंडेशन बड़ोदरा गुजरात के संयोजन से इस ट्रेनिंग सेन्टर के द्वारा प्रदेश के पदस्थ 1000 आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के उदघाटन के दौरान कोटेचा ने बताया कि प्रशिक्षण से राजस्थान में पदस्थ आयुर्वेद व होम्योपैथी चिकित्सक दुर्घटना के समय उपस्थित आत्यधिक अवस्था में मरीज एवं दुर्घटना में घायल व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा दें सकेंगे।

# पिछले 24 घंटों में नए करोना संक्रमितों की संख्या में जयपुर अव्वल रहा

## प्रदेशभर में शनिवार को 309 नए संक्रमित मिले है

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। राज्य में शनिवार को एक ही दिन में 309 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं एक्टिव केस बढ़कर 19 सौ के पार हो गए हैं। प्रदेश में संक्रमण दर बढ़कर 4.97 फीसदी हो गई है।

राज्य में शनिवार को 21 जिलों में 309 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को 268 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 72 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 42, अलवर में 30, दौसा में 24, बीकानेर में 23, उदयपुर में 19, अजमेर में 18, राजसमंद में 15, भीलवाड़ा व सिरोही में 10-10, डूंगरपुर व जालोर में 8-8, जैसलमेर में 6, बांसवाड़ा व नागौर में 4-4, बारां, बाड़मेर, झालावाड़ व सीकर में 3-3, तथा चूरू और कोटा में 2-2 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं 12 जिलों भरतपुर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, करौली, पाली, प्रतापगढ़, सवाई माधोपुर और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में शनिवार को रिकवरी में कमी आई है। इस दौरान राज्य में केवल 155 मरीज ही ठीक हुए हैं। राज्य में एक्टिव केस बढ़कर 1914 हो गए हैं। इनमें राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 536 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। वहीं जोधपुर में 255 और अलवर में 141 एक्टिव केस मौजूद है। प्रदेश में शनिवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि, राज्य में अब तक इस बीमारी से 9578 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 12 नए संक्रमित सांगानेर इलाके में मिले हैं। इसके अलावा मानसरोवर में 8, आदर्श नगर में 6, सिविल लाइन्स, गांधी नगर व मालवीय नगर में 5-5, दुर्गापुरा में 4, झोटवाड़ा में 3, अजमेर रोड, मुरलीपुरा, रामगंज, सोड़ाला व वैशाली नगर में 2-2 तथा आगरा रोड, आमेर, भांकरोटा, जगतपुरा, जमवारामगढ़, फागी, सांभर और विद्याधर नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच 6 मरीजों का पता सही नहीं मिला है। जिले में आज 18 मरीज ही ठीक हुए हैं।

■ राज्य में संक्रमण दर पांच फीसदी के करीब पहुंच गई है।



## Uncommon Instrument Awareness Day

There are all sorts of instruments in the world and most of them have keys or strings of some sort. But there are drums that lack both and instruments like the Theremin a uniquely bizarre instrument as you do not touch the instrument. Uncommon Instrument Awareness Day encourages you to broaden your idea to research many varied and unique instruments in the world and consider picking up an uncommon instrument yourself to expand your horizons.

#MEMORIES

# A Tryst with Rafi
## A pilgrimage to remember





Dr Rajeev Bagarhatta
*Cardiologist, Principal and Controller SMS Medical College, Jaipur*

Driving back to Chatrapati Shivaji Airport, I hesitantly ask the cab driver if Bandra is on the way. He mentioned that it required a detour of few kilometres and some extra minutes.

I furtively surf my net and request him to take me to 28th Road, Bandra west.

While we approach the address, my heart races and emotions overwhelm.

I couldn't believe that I would be at his place, where he stayed, where he lived and where he started his last journey on that inauspicious 31st day of July, 1980.

The lane bears his name and I enquire about his house from a couple of passers by. I am amazed that they feign ignorance. "That's probably the Mumbai culture," I muse, other wise how could they be ignorant of Rafi!

And then an auto rickshaw driver comes to my help. "Rafi Saheb ka ghar na? It's over there," he speaks in a sombre tone soaked with deep respect for the person, whose voice is inseparable part of auto driver's life as it is of mine too.

Few moments later I stood in front of Rafi mansion. A tsunami of emotions swept me away. Forty years of separation had disappeared into yesterday.

*Jab se hosh sambhala tha mere vajood par to jaise Rafi sahib puri tarah se chhaye huye the.*

He was there by my side, bucking me up, as I sulked,
*Kahan ja raha he tu ae jane wale*
*Andhera he Maan ka Diya to jalale.*

He was imploring my Saviour to come and help me with..
*Badi der bhae, Badi der bhae,*
*Kab logey khabar more Ram...*

Or even surrendering to Mahadev..
*Tu hai mera prem Devta*
*In charnon ki Dasi hun mein*
*Maan ki pyas bujhane aaye*
*Anter ghat tak pyasi hun mein...*

And yet he fired my imagination with....
*Chura liya he tumne jo Dilko...*
*Lahu jigar ka doonga haseen labon ki lali ko...*

Was he not celebrating my birthday in my fifth standard with....
*Hum bhi agar bacche hote...*

And then Holi with....
*Braj mein Holi khelat Nandlal...*

His mellifluous silken voice blended with Lata's magic in...
*Aawaaz de kar hame tum bulao*
*Muhabbat mein itna na hamko satao...*

An artist of all inclusive persona, he rendered the immortal...
*Meri duniya mein naa Purab h*
*Naa Pacchhim koi*
*Sare insaan simat aaye hain*
*Meri baon mein...*

How he taught us the philosophy of life in..
*Maayus na ho haar se takdeer ki baaji*
*Pyara he woh gam jisme ho Bhagwan raji...*

If we are put to trying times, no need to dishearten as probably it's God's wish...

How I had longed during my student life to meet Rafi Saheb, to talk to him or even have his glimpse. But the cruel hands of death designed otherwise, snatched him away and left me a helpless school going adolescent.

As I reached the building, I found it's main gate ajar and I stepped inside. The watchman dressed in civil clothing informed me about the namaaz being on and I may be able to meet Shahid Rafi, the maestro's son after the prayers. I waited.

The mansion is a five story building with marble flooring in the drive way. There is one boutique on the ground floor.

I was busy clicking photographs of the place from which had spawned the musical odyssey in the last century.

The watchman was from Madhya Pradesh and I break into an impromptu conversation with him. He admited that he has been distinctly lucky to be serving the great Master's family. Soon Shahid Bhai arrives. The exchange with him is limited to a few pleasantries as the Corona scare leaves everybody scurrying for isolation and distancing.

A young couple probably students came out of the shop on the ground floor. They were smoking and moving around casually.

A poor lady sitting outside the mansion spreads out her hands for alms. During his lifetime, hundreds and thousands of needy people would be cared for by Rafi himself.
*Insaan bano, kar lo bhalai ka koi kaam...*


Rafi lived his life through these lines. Nobody would be returned without being helped by the family. The tradition still continues.

The July afternoon gets drenched with sharp showers. Baiju in me turns bawara and croons.
*Jhule mein pawan ke aayi bahar, Nainan mein naya rang layi bahar*
*Pyar chalke o, pyar chalke*

*"Saheb late ho rahe hain, flight miss ho jayegi'*, my driver cautions me.

Soon the cab is wading through the Mumbai traffic and I am caught up once again in the melee of what is known as Life. Mumbai crawls as usual.
*Yeh jindagi ke mele...*
*Duniya mein kam na hongey...*
*Afsos hum na hongey...*

But Rafi will always be there in our lives to tide us over the troughs and regale us through our highs......!



My association was an irritant to the Bombay Police. At a meeting in the room of Rajesh Pilot, then Minister of State Home, the Cabinet Secretary, an IAS officer of Maharastra Cadre even suggested that Joint Director CBI, Bombay could replace me as my association required me to travel every week to Bombay. That was not the real reason. I was asking too many probing questions. Then Director of CBI, SK Dutta, bluntly said, "No, never!" I was present there. The Cabinet Secretary was taken aback and feebly asked, "but what is wrong." The response was short, "Yes, it is wrong." I remained but that was before Vijay Rama Rao.



With RCMP officers from Canada visiting India calling on Director Mohan Katre 1988.

# Passages through power
# I Irritated Them... (...2)



Shantonu Sen
*Former CBI Joint Director*

#REMINISCENCE

It was in the sweltering heat of June in 1984, that the Army Operation to oust and eliminate Jarnail Singh Bhindranwale and his band of outlaws from the Golden Temple Complex, Amritsar, was mounted. It lasted longer than the Army anticipated. At the end of it CBI was directed to investigate the role of 1,592 people who were detained by the Army. I headed a large team of CBI officers to do so.

The Army heads, the Defence Minister (KP Singh Deo) and my chiefs were convinced that the apprehension of 1,592 people during the Blue Star Operation was sufficient ground to prosecute them under the stringent provisions of the Indian Penal Code and existing terrorist laws, whereby the punishment included death. As Chief Investigating Officer, me and my team worked to find solid evidence against the detained 1,592.

Finally, the evidence to charge only 379 of them emerged in my book. Those who still maintained that mere detention by the Army was evidence enough did not have their way. They out-ranked me and were determined but it was the solid evidence that had its way. I resisted them and had my way. I made some people angry.

There is a footnote though. It came in July 1985 Rajiv-Longowal accord, a little more than a year after their detention by the Army, whereafter all 379 were set at liberty. I witnessed the welcome they got, how they were received by Siddhartha Shankar Roy, then Governor of Punjab. Of the hardcore terrorists about 250 were killed in the operation. My stubbornness prevented the hapless pilgrims and worshippers, nearly 1,100 of them caught in the crossfire from being held in the Jodhpur Jail. This was a jail built to detain terrorists.

After this investigation CBI hitherto an Anti-Corruption body, which also investigated a few economic crimes was thrust into investigating terrorist crimes too. What was popular as a band of CBI men known within the CBI as Punjab Cell, was named a Special Investigating Unit with three Superintendents of Police, headed by a Deputy Inspector General of Police (DIG) who reported to the Director of CBI.

I was its first DIG. We started our work in 1985 and a series of terrorist incidents were successfully investigated. These included the murder of Gen AS Vaidya in Pune in 1986; the Ludhiana PNB dacoity of suspected 7 million in 1987; the Manchanda murder of 1987; and the Syed Modi murder in 1988 to name a few. There were a few more but one incident merits more than a mention.

### Halcyon Days of CBI

It related to one pracharak of the Dam Dami Taksaal (name withheld). He was wanted for seditious speeches and preaching violence. He was finally caught in Muktsar. Since road travel during those days in the Punjab often led to encounters, I arranged to bring him to Delhi in a BSF helicopter. The Director of CBI (MG Katre) received a call from the Minister of State Internal Security (Arun Nehru) suggesting that he be brought to Delhi by road. When I heard it I objected and when I was overruled, I planned to lead the team of CBI officers from Delhi to Muktsar with a force armed to the teeth.

The Director did not like the idea of me being a member of the escort team. I was adamant as I feared the decision of not allowing a helicopter which I had arranged for was inviting a serious mishap. There was every chance of a fatal incident as was happening often in the Punjab. I did not want it to happen under my charge. There was a very annoyed Director on one hand, his Minister on the other but it was his DIG who finally forcefully intervened. The plans were changed and the arrested preacher was flown into Delhi. I am convinced that I saved his life.

The next instance was the case of importing Czech pistols, the complete details of which elude me after so many years. I do remember though that there was a scandal. The Ministry of Home Affairs was a party and wanted an investigation. The import of Czech pistols by the Home Ministry raised a stink in the nineties. One wanted person took refuge in the UK. He did not wish to be described as an absconder. He lived in upscale Shantiniketan in South Delhi and while he responded to our notice, he sought to delay his questioning by seeking the Delhi High Court's intervention.

He engaged the very best lawyers to suggest he was not into any crime. He lost because we had done our homework. He was directed to appear before CBI by a specific date. We had made it clear that his would be a custodial interrogation. A day or two before he was to land and our plans to arrest him were complete. At this time the Director (MG Katre) directed the Chief Investigation Officer, an SP, not to arrest him. He was reportedly too sick.

I was informed by the SP, who reported to me that the Director's order overruled mine. I directed him to convey the Director's verbal orders to me by putting it into words. He did so. At once I recorded a note to the effect that the CBI is committed to arrest him as he lands. We had told the Delhi High Court that he would be subjected to custodial interrogation. Within the hour, the Director was on the RAX (a phone restricted between 400 officers of GOI) and said the Home Minister (Buta Singh) did not want him to be arrested.

He added for good measure that he appreciated my point and that I could proceed as I had planned. He faced the upset Home Minister who was neither pleased with me. I had my way. I ordered his arrest and we did. Those were halcyon days of the CBI for me. Decisions that went against the superior's expressed desires, wishes and orders, call them what you wish were never easy but if taken and explained howsoever contrary to their orders one could survive in the department with honour. I did.

### The Radical Changes

This did not last however. With the arrival of a Director in 1993, things radically changed. He was Prime Minister Narasimha Rao's nominee though he (Vijay Rama Rao) had never worked with the CBI. I was then the Joint Director CBI for two years, with both the anti-corruption central units and the Eastern anti-corruption units of the CBI in Kolkata, Patna, Dhanbad, Bhubaneshwar and Ranchi reporting to me. Plus, I had an additional charge for creating a team that would eventually investigate and prosecute the 1993 serial Bombay Bomb Blast.

From the beginning, my body language troubled him. He had no idea of the CBI units and how they functioned. The time-honoured CBI standards about the misuse of the staff car was never honoured by him. He did not have a car of his own. Frankly, I did not find in him the qualities of a CBI Director. Probably, I showed it. He did not like me either, though my unit did an excellent job.

Some instances are exemplary in collecting evidence; arresting the additional nine people who had escaped the dragnet of Bombay police during the 1993 Bombay Blast investigation; in collecting substantial evidence to link Pakistan ISI with Dawood machinations behind the serial Bomb Blasts in 1993; in collecting material to solve more than 40 IED explosions in Bombay that were unsolved; in solving the case of the train blasts in all five premier trains on the anniversary of Babri Masjid demolition on December 6 1993, linking them to Dr Jalees Ansari, all done within a fortnight of the investigation being transferred to the CBI by the states where the crime occurred.

Vijay Rama Rao just did not like me. Gone were the days when the Director of CBI did not take amiss at his subordinates challenging a direction. Not only they did not take it amiss, D Sen (1968-1975) and those that followed him, Messers CV Narasimhan (the topper and stickler for rules) John Lobo (the tallest stalwart of all), JS Bawa (the most big-hearted), MG Katre (the great professional), R Sekhar (honest and simple bereft of show and pomp) and SK Dutta (without a mean bone in him), all much-admired, who rose to the Director's position after working in the CBI at other ranks, who stood up and defended me and others like me when our legal actions went against the interest of the powerful elements who had an access to the politicians who were powerful Ministers at that time.

Vijay Rama Rao brought me down step by step. He asked me about my heavy charge one day. I admitted it was heavy. He soon relieved me of my main charge and asked me to deal only with the 1993 Bomb Blast. It could have been otherwise. It was one of the prized charges and I had earned it by sheer merit. He wanted a man he could control. I managed to antagonise him in my truncated charge too. There were several instances beginning with the 1993 serial Bombay Blast. The Government of India had wanted that CBI investigate the blasts but wiser counsels prevailed and it was the Bombay Police that continued to investigate. We took over only after they filed the first charge sheet in the later part of 1993. I, and only I was associated with their investigation.



Author with an FBI officer in front of the FBI Headquarters in Washington, in 1986.

From the beginning, my body language troubled him. He had no idea of the CBI units and how they functioned. Frankly, I did not find in him the qualities of a CBI Director. Probably, I showed it.

My association was an irritant to the Bombay Police. At a meeting in the room of Rajesh Pilot, then Minister of State Home, the Cabinet Secretary, an IAS officer of Maharastra Cadre even suggested that Joint Director of CBI Bombay could replace me as my association required me to travel every week to Bombay. That was not the real reason. I was asking probing questions. Then the Director of CBI, SK Dutta, bluntly said, "No, never!" I was present there. The Cabinet Secretary was taken aback and feebly asked, "but what is wrong." The response was short, "Yes, it is wrong." I remained but that was before Vijay Rama Rao.

The Bombay Police had included in the criminal charges, the charge of Waging War against the State. The evidence collected did not at all establish that the accused charged sought to secede and create a new state as the Khalistan movement had done. During my associate status, I had voiced my reservation and it was one reason for my being an irritant. Nevertheless, they charged them. When the prosecution began, it was the task of the CBI to convince the trial court that all charges including Waging of War Charges had evidence to back it. I sensed that Majid Menon, then defence counsel, was confident of getting this charge dropped by the Court. Our Public Prosecutor N Natrajan felt the same way.

Upon further investigation, we filed seventeen (17) additional charge sheets after garnering more evidence against those already arrested and sent up for trial by Bombay Police. We arrested nine more involved. We arrested absconders. But we found no evidence on Waging of War Charges. Therefore, the prosecutor dropped this charge. He told the court that he would only argue on this charge when he was provided material by the investigation to support this charge. While I endorsed his stand and so did the Attorney General of India; both the Home Secretary and the Director of CBI were annoyed and remained annoyed. Only I know how much a pariah I became after this.

Mercifully, I retired in a year's time without fanfare. In that year though I faced several attacks and challenges under Vijay Rama Rao's tenure. A matter of rent is interesting. During the time of Director R Sekhar, who preceded him and two Directors before him, my recently constructed house was sought for the newly created office of DIG CBI, Jaipur. All procedural steps were taken and after the Director's approval I gave it on a monthly rent of 4,500/ per month. Incidentally, the CPWD assessment was 7,500/ per month but the Director of CBI's power was limited to 5,000/ per month.

### The Stubborn Streak

Vijay Rama Rao was informed, obviously he wanted to know how to fix me as the CVC had asked the CBI to enquire into this deal. The enquiry had taken place during the time of R Sekhar's successor, Vijay Karan. No fault was found in the process. This I learnt from SK Dutta, who was Vijay Rama Rao's immediate predecessor. Vijay Rama Rao reopened the case and issued a formal warning letter to me; my only official reprimand in my entire career in the CBI.

His ground? He wrote that since I was a CBI officer, he construed that I had official dealings with CBI. Under conduct rules, I was required to take Director of CBI's prior permission before negotiating to rent my house to anyone with whom I had official dealings. This I had not done prior to submitting the proposal to the then Director of CBI, R Sekhar. He sought no explanation from me for this alleged violation of conduct rules. He blocked all chances of my securing post-retirement jobs, whether it was in the Ministry of Health or Interpol Paris, from where I had definite offers. He continued his animus against me post-retirement.

After retirement, I was offered a consultancy under the Ministry of Chemicals. This was to look into why the National Fertilizer Corporation had failed to import even one gram of urea after paying in advance 133 million to a Turkish company. This consultancy was also terminated at his instance after I named the Prime Minister's son, Prabhakar Rao, as a person of interest in the Urea scam. Subsequently, there was a possibility of joining as Managing Director of Vigilance, in the General Insurance Corporation (GIC), which was spiked by the CVC, N Vittal, no doubt on his advice.

D Sengupta, Chairman GIC told me that the CVC's comments on my file were: "I have reservations about Sen." I had an outstanding record. I stood decorated with the Indian Police Medal for Meritorious Service and the President Police Medal for Distinguished Service. True, I had not helped my cause. I had recommended the investigation of the PM's son, Prabhakar Rao and also questioned the role of the Secretary to the PM, the Cabinet Secretary himself and the Revenue Secretary in the matter of the 133 million lost in the urea deal by the National Fertilizer Corporation. I had made too many enemies.

I do not regret my stubborn streak. More so, when I read the mémoires: "An officer that I invited to join the Raj Niwas team was Shantonu Sen, who had retired as Joint Director Central Bureau of Investigation (CBI) in April 1996, a few months before my own superannuation. Sen carried a reputation as a highly competent, honest and uncompromising professional whom I happened to meet in the Commerce Ministry when he was looking into the NFL fertiliser import scam. His ability to shift the grain from the chaff was both remarkable and unassailable. During my first, as well as the subsequent second tenure as LG, Sen was the principal Raj Niwas Secretariat functionary, assisting me for interaction and follow up with Delhi Police."

My stubbornness was lost on Vijay Rama Rao, N Vittal and several others. It earned me dividends from all Directors before Vijay Rama Rao and all Central Vigilance Commissioners before N Vittal. From Tejendra Khanna, I received this thumping endorsement and I am content, and hold that our stubborn streak to uphold the law is our strength, not our weakness. He backed me when both Home Minister PC Chidambaram and Chief Minister Sheila Dikshit wanted me out for reasons that he has never shared with me.

***Concluded***

writetoarbit@rashtradoot.com



Author (extreme right) in Tokyo attending an International Criminal Seminar in 1979. The first day welcome ceremony.



Author in Ottowa reviewing along with Indian High Commission official joint anti terrorist operations involving both countries with RCMP official, in 1988.



Author in discussion among delegates at International Criminal Seminar held in Tokyo, in 1979.



This was the team which comprised LG Delhi Team together and separately.
(Left to Right) Bhaskar Mitra former Secretary in M EA, Ranjan Mukherjee a former Commoder Indian Air Force,Tejendra Khanna former LG Delhi, Shantonu Sen Former Jt Director of CBI & Neeraj Kumar Former Commissioner of Police Delhi

#COVID-19

# Covid Antibodies In Eggs



Gallardo and colleagues immunized hens with two doses of three different vaccines based on the SARS-CoV-2 spike protein or receptor binding domain.

Researchers have been able to produce antibodies to the SARS-CoV-2 spike protein in hen eggs.

Antibodies harvested from eggs might be used to treat COVID-19 or as a preventative measure for people exposed to the disease.

"The beauty of the system is that you can produce a lot of antibodies in birds," says Rodrigo Gallardo, a professor in poultry medicine in the population health and reproduction department at the University of California, Davis School of Veterinary Medicine.

"In addition to a low cost to produce these antibodies in hens, they can be updated very fast by using updated antigens to hyper immunize hens, allowing protection against current variant strains."

Birds produce a type of antibody called IgY, comparable to IgG in humans and other mammals. IgY does not cause allergy or set off immune reactions when injected into humans. IgY appears both in birds' serum and in their eggs. As a hen lays about 300 eggs a year, you can get a lot of IgY, Gallardo states.

Gallardo and colleagues immunized hens with two doses of three different vaccines based on the SARS-CoV-2 spike protein or receptor binding domain. They measured antibodies in blood samples from the hens and in egg yolks, three and six weeks after the last immunization.

Purified antibodies were tested for their ability to block coronavirus from infecting human cells at the National Centre for Biodefense and Infectious Diseases at George Mason University in Virginia.


Both eggs and sera from immunized hens contained antibodies that recognized SARS-CoV-2. Antibodies from serum were more effective in neutralizing the virus, probably because there is more antibody in blood overall, Gallardo says.

Gallardo is working with colleagues Daria Mochly-Rosen at Stanford University and Michael Wallach of the University of Technology in Sydney, to develop the egg-based antibody technology.

The team hopes to deploy these antibodies in a preventative treatment such as a spray that could be used by people at high risk of exposure to coronavirus.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जिनदत्त जैन सूरी दादाबाड़ी जैन मंदिर विवाद, मां-बेटे ने निष्पक्ष कार्रवाई मांगी

## थाने में मामला दर्ज होने के बाद भी नहीं हो रही कोई कार्रवाई

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के आहोर निवासी मां-पुत्र ने आहोर स्थित उनके पैतृक श्री जिनदत्त जैन सूरी दादावाडी जैन मंदिर को हथियाने के प्रयास के प्रकरण में पुलिस से न्याय की गुहार की है। शनिवार को प्रेस वार्ता के दौरान आहोर निवासी पदमा मोतीलाल गदिया व उनके पुत्र मीनल गदिया ने बताया कि इस संबंध में उनकी ओर से आहोर थाने में एफआईआर दर्ज करवाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।



जालोर जिले के आहोर निवासी मां-पुत्र आहोर स्थित उनके पैतृक श्री जिनदत्त जैन सूरी दादावाडी जैन मंदिर को हथियाने के प्रयास के प्रकरण न्याय के लिए दर दर भटक रहे हैं।

पदमा गदिया ने बताया कि उनके सुसर द्वारा करीब 50 वर्ष पूर्व आहोर में यह मंदिर बनवाया गया था, जिसकी देखभाल भी उनके ससुर हिम्मतमल माणकजी और बाद में उनके पति मोतीलाल गदिया द्वारा की जा रही थी। यहां संचालित पूर्व में 9 दुकानों के किराए से मंदिर की देखरेख व अन्य कामकाज संचालित किया जा रहा था। वर्तमान में यहां कुल बीस दुकानें हैं। उन्होंने बताया कि उनके पति के देहांत के बाद आहोर निवासी लालचंद फोलामोथा को मंदिर संचालन व देखरेख की जिम्मेदारी व पुजारी कांतिलाल को मासिक तनख्वाह पर मंदिर में पूजा-अर्चना की व्यवस्था दी गई थी।

पदमा गदिया ने बताया कि अप्रेल 2022 में मंदिर में होने वाले वार्षिक ध्वजा महोत्सव के लिए जब वो यहां आए, तो उन्हें मंदिर की ध्वजा पर गांठ बंधी हुई दिखाई दी तथा पूछने पर मोतीलाल तथा कांतिलाल ने कोई संतोषजनक जवाब दिया। इसपर उन्होंने पुजारी कांतिलाल को हटा दिया। इसके बाद उन्होंने गुरु साध्वी शोभा से परामर्श कर गुजरात से अरविंद नाम के व्यक्ति को बुलाकर दस हजार रुपए मासिक तनख्वाह पर पूजा-अर्चना के लिए रख लिया तथा पूजा की रूपरेखा बनाकर हम वापस पुणे लौट गए। 1 मई को वापस आने के बाद ध्वजा महोत्सव भी संपन्न हुआ।

**हिसाब मांगने पर नहीं दिया संतोषजनक जवाब:-** पदमा गदिया ने बताया कि 1 मई की शाम को लॉकडाउन सहित तीन साल का हिसाब मांगने पर लालचंद ने संतोषजनक जवाब नहीं देकर कहा कि यह दादावाडी आपकी नहीं है और आपको कोई हिसाब देने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने जुलाई में वापस आने की बात कहते हुए हिसाब तैयार रखने के लिए लालचंद को कहा और पुणे निकल गए। पुणे पहुंचने से पहले ही नये पुजारी अरविंद ने बताया कि लालचंद ने पुराने पुजारी कांतिलाल को वापस रख लिया है, जिसपर पदमा गदिया व उनके पुत्र ने नाराजगी जताई।

**आहोर थाने में दर्ज करवाई एफआइआर:-** इसके बाद पदमा गदिया ने लालचंद और कांतिलाल दोनों को फोन पर काम से निकालने की बात कही तथा आहोर थाने में ऑनलाइन एफआइआर दर्ज करवाई। पुलिस के दादावाडी पहुंचने से पहले ही ये दोनों वहां से फरार हो गए। इसके बाद भी लालचंद दुकानदारों को किराए के लिए धमकाने लगा। उन्होंने पुजारी अरिवंद को भी चोरी का आरोप लगाने की धमकी दी, जिससे डरकर वो मंदिर छोडकर चला गया। इसके बाद लालचंद ने चाबियां कब्जे में लेने के साथ मंदिर की दीवारों पर कुछ नाम भी लिखवा दिए।

# रंगदारी वसूलने आए बदमाश के पंजाब भागने की आशंका

## लॉरेंस विशोई के नाम पर व्यापारी से 5 लाख रुपए लेने आए थे

**श्रीगंगानगर,** लॉरेंस गैंग के नाम पर पंजाब से श्रीगंगानगर एक ट्रैक्टर एजेंसी संचालक से रंगदारी वसूलने के लिए आए बदमाशों का तीसरा साथी रात अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया। पुलिस ने उसे तलाशने के लिए देर रात करीब साढ़े बारह बजे तक सर्च ऑपरेशन चला रखा था। इस दौरान शहर के कई थानों का पुलिस स्टाफ और उच्च अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

पकड़े गए दोनों बदमाश अमन थापन और भैरों पहले लॉरेंस गैंग से जुड़े रहे हैं। अब पिछले कुछ समय से ये लोग गैंग का नाम लेकर लोगों को धमकाते हैं। उनसे रंगदारी वसूलते हैं। श्रीगंगानगर के ट्रैक्टर एजेंसी संचालक विनोद कुमार को भी इन्होंने धमकाया और उससे पांच लाख रुपए मांगे थे। ट्रैक्टर एजेंसी मालिक ने उन्हें बातों में उलझाया और रुपए लेने के लिए कालूवाला के पास बुला लिया। इसी दौरान एजेंसी मालिक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बदमाशों का पीछा शुरू किया। इसी दौरान पुलिस को पीछे आते देख बदमाशों ने कार की स्पीड बढ़ा दी और यह खेतों में पलट गई। इसी बीच पुलिस ने अमन और भैरों को तो गिरफ्तार कर लिया लेकिन तीसरा साथी आरजू बिश्नोई भागने में कामयाब हो गया।

■ तीन बदमाशों में से दो को पुलिस ने पकड़ा तथा तीसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया

कोतवाली और सदर थाना पुलिस बदमाशों को देर रात तक तलाशती रही। इस दौरान सर्च लाइट्स का इस्तेमाल किया गया। पुलिस के डॉग स्कवायड बुलाए गए। रात करीब नौ बजे से रात करीब साढ़े बारह बजे तक पुलिस खेतों में तलाशती रही। बदमाश आरजू के भागने के डायरेक्शन में पुलिसकर्मी पहुंचे लेकिन दूर तक तलाशने के बाद उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस के डॉग स्क्वॉयड भी देर रात तक तलाशने के बाद लौट आए। ऐसे में पुलिस ने रात करीब साढ़े बारह बजे अभियान रोक दिया। श्रीगंगानगर शहर से सटे जिस गांव कालूवाला में आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हुआ है, वहां से पंजाब की दूरी ज्यादा नहीं है। ऐसे में आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर अंदरूनी रास्तों से पंजाब की तरफ भागने में कामयाब हो जाने की पूरी आशंका है।

एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि आरोपी पंजाब के हैं। संभव है कि इनका तीसरा साथी पंजाब की तरफ ही भाग गया हो। ऐसे में तलाश के लिए पंजाब टीमें भेजी गई हैं। वहां से उसके बारे में कोई नई जानकारी मिलने की संभावना है। आरोपियों ने ट्रैक्टर एजेंसी संचालक से पांच लाख रुपए मांगे थे। ये लोग लॉरेंस गैंग से जुड़े रहे हैं और फिलहाल उनसे अलग होकर गैंग के नाम पर लोगों को धमकाकर वसूली कर रहे हैं। इनसे पूछताछ की जा रही है। इसके बाद ही इनके व्यापारी के संपर्क में आने और इससे जुड़े कई अन्य सवालों के जवाब मिल सकेंगे।

# शौचालय निर्माण की राशि का गबन करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ़्तार

**भीलवाडा, (निसं)।** शहर की सदर थाना पुलिस ने सुवाणा पंचायत समिति के स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत शौचालय निर्माण की 13 लाख रुपए की राशि का गबन करने के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने टोंक, अजमेर, भीलवाडा, सवाई माधोपुर, अलवर, पाली, जोधपुर, जैसलमेर, गंगानगर, दौसा, बीकानेर, बांसवाडा, भरतपुर सहित अन्य जिलों में भी ठगी की वारदात को अंजाम दिया।



सदर थाना पुलिस ने गबन के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया।

सदर सीओ रामचंद्र चौधरी ने बताया कि 22 फरवरी 2022 को विकास अधिकारी पंचायत समिति सुवाणा ने रिपोर्ट दी थी कि पंचायत समिति के स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत बनाए गए व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण के लिए लाभार्थी को 12,000 रुपए का ऑनलाइन भुगतान किया जाता है। निदेशालय से प्राप्त सूची के अनुसार 85 लाभार्थियों का भुगतान एसएसओ पर प्रदर्शित हो रहा है जबकि सुवाणा पंचायत समिति की एसएसओ आईडी व आधार ओटीपी से कोई भुगतान नहीं किया गया है। इस पर पुलिस ने टीम का गठन कर जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस ने शिशपाल उर्फ सुभाष जाणी (30) पुत्र बाबूराम विश्नोई निवासी राजीव नगर बरजासर थाना लोहावट जोधपुर को डिटेन कर पूछताछ की तो सामने आया कि शिशपाल और उसका सहयोगी गोरधन राम दोनों पहले नरेगा मेट थे और ई मित्र संचालित करते थे। ऐसे में दोनों को फलौदी जोधपुर पंचायत समिति में आना-जाना था। आरोपियों ने यहां से भुगतान प्रक्रिया को समझा और विकास अधिकारी के आईडी व पासवर्ड चुरा लिए। दोनों आरोपियों ने 4 व 5 फरवरी 2022 को प्रदेश के कई पंचायत समितियों के खंड विकास अधिकारियों की एसएसओ आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर ई पंचायत व एसबीएम के सर्वर में सेंध लगा शौचालय निर्माण के लाभार्थियों की राशि अपने परिचितों के खातों में ट्रांसफर कर दी और इस प्रकार लाखों रुपए का गबन कर दिया। आरोपियों ने पंचायत समिति सुवाणा के 86 लाभार्थियों के खाते से करीब 13 लाख रुपए निकाल लिए। पुलिस ने शिशपाल को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

■ आरोपी ने अनेक जिलों में ठगी की वारदात को अंजाम दिया

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भीलवाडा, (निसं)।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में चित्तौडगढ रेल मार्ग पर शनिवार दोपहर रेलवे ट्रैक क्रॉस करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेन करीब आधा घंटे तक मौके पर खडी रही। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजी अस्पताल भिजवा दिया। प्रताप नगर थाना प्रभारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि शनिवार दोपहर ट्रांसपोर्ट नगर की ओर से आया युवक नुवाल सर्विस सेंटर के सामने रेलवे ट्रैक क्रॉस कर अंबेडकर कॉलोनी की ओर जा रहा था। इसी दौरान जौधपुर-इंदौर ट्रेन आने से युवक उसकी चपेट में आ गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन को पायलेट ने रोक दिया और इसकी सूचना स्टेशन मास्टर के जरिये पीसीआर को दी गई। इसके बाद प्रताप नगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। इसी दौरान मौके पर पहुंचे हरिजन बस्ती अंबेडकर कॉलोनी निवासी राजूलाल घुसर ने शव की पहचान अपने बेटे अरविंद (30) के रुप में की। राजू लाल ने पुलिस को बताया कि अरविंद सुबह घर से निकला था। इसके बाद घर लौटने के दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजी अस्पताल भिजवा दिया। उधर, ट्रेन भी करीब आधा घंटे मौके पर खडी रहने के बाद इंदौर के लिए रवाना हो गई। उधर, हादसे के बाद मौके पर भारी भीड भी जमा हो गई।

# मां शिक्षिका पद से सेवानिवृत्त हुई तो हेलिकॉप्टर से घर लाया बेटा

**अजमेर, (कासं)।** नसीराबाद के समीपवर्ती केसरपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्याल य से सेवानिवृत्त हुई अध्यापिका सुशील ा चौहान को ग्रामवासियों सहित विद्यालय के स्टाफ ने विदाई दी। इस दौरान चौहान के बेटे ने उन्हें हेल ीकॉप्टर द्वारा हवाई मार्ग से अजमेर स्थित तोपदडा लेकर पहुंचे। इस दौरान लोगों का भारी जमावडा लग गया।

शिक्षिका के पद से मां रिटायर हुई तो बेटा उसे हेलि कॉप्टर से घर ले कर आया। ढ ोल -नगाड़ों के बीच करीब 10 मिनट के इस हवाई सफर के लि ए बेटे ने 4 ल ाख रुपए खर्च किए। इंजीनियर बेटा फिल हाल अमेरिका में सेटल है। 32 किल ोमीटर के इस सफर में इंजीनियर के पिता, उसकी दोनों बहनें भी भागीदार बनीं। पूरे इल ाके के ल ोगों ने गांव पहुंचने पर स्वागत किया। शनिवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय केसरपुरा, पीसांगन से सुशील ा चौहान (60) रिटायर हुईं। स्कूल से घर ले जाने के लि ए सुशील ा के बेटे योगेश चौहान (39) ने हेलि कॉप्टर

■ अमेरिका में इंजीनियर है बेटा, 4 लाख खर्च कर सपना किया पूरा



केसरपुरा सरपंच शक्ति सिंह रावत ने सुशीला चौहान अध्यापिका एवं परिवार जनों का सम्मान किया।

किराए पर मंगाया था। दोपहर करीब 2 बजे स्कूल के खेल मैदान से हेलि कॉप्टर ने उड़ान भरा। हेलि कॉप्टर में सुशील ा के साथ योगेश, पिता रमेशचंद, बहन कविता और दीपिका चौहान भी सवार थे। पीसांगन से उड़ान भरकर हेलि कॉप्टर अजमेर के तोपदड़ा स्कूल ठाग्रउंड पर लैंड किया। यहां गांव वाल ों की भीड़ ल गी थी। फूल बरसाकर सुशील ा देवी का स्वागत किया गया। तोपदड़ा स्कूल के पास ही सुशील ा चौहान का घर है।

शनिवार दोपहर करीब 2 बजे रिटायर होने के बाद सरकारी टीचर सुशील ा चौहान अपनों के बीच पहुंचीं तो उनका स्वागत कुछ इस तरह किया गया। बेटे ने बाकायदा हेलि कॉप्टर किराए पर मंगाया था। उसी में पूरे परिवार के साथ स्कूल से घर पहुंचे।

शनिवार को ग्राम केसरपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्याल य से सेवानिवृत्त हुई अध्यापिका सुशील ा चौहान को ग्राम वासियों ने हेल ीकॉप्टर द्वारा विदाई दी गई। गांव केसरपुरा एवं आसपास के क्षेत्रवासी काफी संख्या में उपस्थित रहे। केसरपुरा सरपंच शक्ति सिंह रावत ने सुशील ा चौहान अध्यापिका एवं परिवार जनों का स्वागत सम्मान किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में उपस्थित केसरपुरा प्रधानाध्यापिका गुंजन चतुर्वेदी पंचायत समिति सदस्य प्रदीप, विक्रम सिंह, वीरम सिंह, बच्चन सिंह, गोपी सिंह, मदन सिंह, खियां सिंह, विष्णु सिंह ,गोपाल सिंह, नितेश कुमार ,ल लि त सिंह, महेंद्र सिंह, गुमान सिंह, जितेंद्र शर्मा, काफी संख्या में ग्रामवासी महिल ा एवं पुरुष उपस्थित रहे। हेलीपैड पर मांगलि यावास पुलि स थाने से इंचार्ज रामस्वरूप एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहा। अग्निशमन यंत्र गाड़ी, एंबुल ेंस चिकित्सक टीम, केसरपुरा पटवारी महिपाल राठौड़, केसरपुरा ग्राम विकास अधिकारी अशोक पूनिया, पंचायत सहायक जितेंद्र वैष्णव, आदि उपस्थित रहे।

## धमकाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार


**उदयपुर, (कासं)।** शराब पीने से मना करने पर रेस्टोरेंट मालिक को धमकाने के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस उप अधीक्षक तपेन्द्र शर्मा ने गत दिनों नई पुलिया स्थित मोगली रेस्टोरेंट संचालक भुवाणा निवासी जितेन्द्र सोलंकी को धमकाने के मामले में भुवाणा निवासी राहुल पालीवाल, अजय कुमावत एवं पवन डांगी को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार तीनों 28 जुलाई रात में पीड़ित की रेस्टोरेंट पर शराब पीने के लिए गए थे। इनकार करने पर बदमाशों ने तलवार दिखाते हुए धमकाया था। इसको देख कर जितेन्द्र मौके से भाग कर जान बचा कर पुलिस थाने में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया था।

# डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट ट्रॉफी टूर हुआ

**जयपुर।** 29 से 30 जुलाई 2022 के बीच डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट ट्रॉफी टूर के दौरान जयपुर को एक रोमांचक और उत्साही समर्थन मिला। डूरंड कप के 131 वें संस्करण के हिस्से के रूप में ट्रॉफी टूर कोलकाता में मुख्यालय पूर्वी कमान के तत्वावधान में 06 अगस्त से 18 सितम्बर 2022 तक आयोजित किया जा रहा है।

परसिडेंशियल कप, डूरंड कप और शिमला कप जैसे ट्राफियों के दौरे का मुख्य उद्देश्य खेलों के प्रति, विशेष रूप से फुटबॉल के बारे में जागरूकता बढ़ाना, खेल संस्कृति को बढ़ाना और हमारे देश में खेल तंत्र को सशक्त बनाना था। ट्रॉफी का दौरा तीन अन्य शहरों-गुवाहाटी, इंफाल और मार्गो में हो रहा है। जयपुर में, ट्राफियों को स्कूलों, क्षेत्रीय खेल क्लबो और फुटबॉल अकादमियों में ले जाया गया। इसके अलावा सैन्य बलों के जवानों, उनके परिवारों और विभिन्न स्कूलों के छात्रों के लिए जयपुर सैन्य स्टेशन के गांधीव स्टेडियम में ट्राफियां प्रदर्शित की गईं।



ब्रिगेडियर जितेंद्र सिंह बिष्ट, डिप्टी जनरल ऑफिसर कमांडिंग, 61 सब एरिया, जयपुर ने जयपुर शहर के लिए ट्रॉफी टूर को हरी झंडी दिखाई, जिसका समापन वर्ल्ड ट्रेड पार्क में आम जनता के प्रदर्शन के लिए हुआ। हमारे जीवन में खेलों के महत्व को दोहराया गया और ब्रिगेडियर जितेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि भारतीय सेना के लिए फुटबॉल चैंपियनशिप, डूरंड कप 2022 के साथ जुड़ना और उसकी मेजबानी करना बहुत गर्व की बात है।

# कमरे में मिली युवक की तीन दिन पुरानी लाश

**भीलवाडा, (निसं)।** शहर के सुभाष थाना क्षेत्र में बीती देर रात को एक घर से युवक का तीन दिन पुराना शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक के घर से काफी बदबू आ रही थी। जिसके चलते मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को सूचित किया। बडी बात यह है कि युवक अपनी नानी के साथ रहता था लेकिन बुजुर्ग नानी को भी युवक की मौत की भनक नहीं लगी।

सुभाष नगर थाना प्रभारी नंदलाल रिणवा ने बताया कि शुक्रवार की देर रात को मेडिकल कॉलेज के पीछे की तरफ बनी कच्ची बस्ती के लोगों ने एक मकान से तेज बदबू आने की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जब मकान की तलाशी ली तो वहां एक तीन दिन पुराना सड़ा हुआ शव मिला। मृतक की पहचान गुलाबपुरा हाल कच्ची बस्ती निवासी चेतन पुत्र रामलाल खाती के रूप में को गई। मृतक चेतन अपनी बुजुर्ग नानी के पास रहता था। पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम को बुलवाकर जांच करवाई और मृतक के शव को एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस को मृतक की नानी ने बताया कि चेतन की मां की मौत के बाद पिता रामलाल ने उसे छोड़ दिया था। जिसके बाद से वह नानी के पास ही रहता था। चेतन नानी से भी कम ही बोलता था, और मर्जी होती तो ही खाना भी खाया करता था। साथ ही वह घर कब आता और जाता इसका पता उसकी नानी को भी नहीं चलता था। ऐसे में नानी ने भी चेतन के बारे में ध्यान नहीं दिया था। मृतक युवक का शव 3 दिनों तक घर में पड़ा सड़ता रहा, लेकिन नानी को इसकी भनक तक नहीं लगी। पुलिस ने मृतक के अन्य परिजनों को मामले की जानकारी दी, उसके बाद आज शनिवार को उन लोगो की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम करवाया गया है।

## 28 वर्ष से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया

**उदयपुर, (कासं)।** अवैध संबंधों के चलते व्यक्ति की हत्या कर लाश को जलाने के मामले में अठ्ठाईस वर्ष से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान पुराने मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। प्रकरण के अनुसार अठ्ठाईस वर्ष पूर्व जावरमइन्स थाना पुलिस ने बाबरमाल क्षेत्र में श्रमिक की हत्या कर लाश को जलाने के मामले में प्रकरण दर्ज किया था।

इस मामले में जावरमाइन्स थानाधिकारी बाबुलाल मुरारिया के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल हिम्मतसिंह, कांस्टेबल राजीव, मांगीलाल, साईबर सेल प्रभारी गजरातसिंह, कांस्टेबल लोकेश मय टीम ने चुरहेत जिला जमुई बिहार निवासी रणविजयसिंह उर्फ राणा पुत्र पवनसिंह को नोयड़ा यूपी से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ की जा रही है। 25 दिसंबर 1994 को खनन मालिक लौहाबाजार चमनपुरा शाब्बीर हुसैन पुत्र जाकिर हुसैन ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरी बाबरमाल स्थित टीना मार्बल माईन्स पर ठेकेदार नाथूलाल मीणा ने सूचना दी कि मैं मुनीम के कमरे पर गया तो मुनीम रणवीजय व उसका साला कमरे पर नही था। कमरे में देखा तो धुंआ निकल रहा था। अंदर जली हुई एक लाश थी। इस पर माईन्स पर पहुंच कर देखा तो जली हुई लाश पड़ी थी। अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर मृतक चुरहेत जिला जमुई बिहार निवासी समीरसिंह पुत्र सुधीनसिंह की होने होकर उसके काका रणविजयसिंह उर्फ राणा पवनसिंह पुत्र चक्रधारीसिंह पालीवाल अलिगढ़ इंगलिश सरजगढ़ा जिला मुंगुर बिहार निवासी विपिनसिंह पुत्र कमलेश ऋषी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पकड़े नहीं जाने से विपिनसिंह मफरूर घोषित किया था एवं वर्ष 2017 में उसकी बीमारी से मौत हो चुकी थी। आरोपी रणविजयसिंह फरार था।

■ अवैध संबंधों के चलते व्यक्ति की हत्या कर लाश को जलाने का मामला

## बाइक चोर को दो वर्ष का करावास

**श्रीमहावीरजी (निसं)।** गत 4 जुलाई को दर्ज हुए मोटरसाइकिल चोरी के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल परवानी ने आरोपी को दोषी मानते हुए 2 वर्ष के कठोर कारावास और पांच हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है । जानकारी के अनुसार गत 4 जुलाई को परिवादी प्रेम प्रकाश मीणा की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाडला से अपने घर शेखपुरा आया और मोटरसाइकिल को घर के बाहर लॉक कर खड़ा कर दिया जिसे कोई चोर चुरा कर ले गया।

मामले में श्री महावीर जी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जयप्रकाश उर्फ प्रकाश पुत्र राधेश्याम मीणा निवासी भोपुर थाना बालघाट को दोषी मानते हुए अदालत में पेश किया। सभी गवाहों और साक्षी को सुनने और अवलोकन करने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल परवानी ने आरोपी जयप्रकाश को दो वर्ष के कठोर कारावास और पाचं हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# राज्यपाल मिश्र ने विभिन्न विकास योजनाओं और कार्यक्रमों की बिन्दुवार समीक्षा की

## 'अधिकारी योजना क्रियान्वयन और कार्यों की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग करें'

**बीकानेर, (कासं)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि बीकानेर जिले की प्रगति और विकास की राह प्रशस्त करने के लिए अधिकारी संकल्पबद्ध होकर कार्य करें। वे जनहित से जुड़ी विकास और जन कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन को गंभीरता से लेते हुए अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने जिले के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की।


उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के स्तर पर आमजन को लाभान्वित करने के लिए बनाई गई योजनाओं और कार्यक्रमों का समयबद्ध लाभ आमजन को मिलता है, तभी उनकी सार्थकता है। उन्होंने पेजयल, विद्युत, आवास और कृषि से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तथा इनसे जुड़े लम्बित प्रकरणों का निस्तारण त्वरित किए जाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए। मिश्र ने शनिवार को जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समग्र शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाओं के विकास के लिए क्रियान्वित श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन योजना, जल जीवन मिशन, समेकित विद्युत विकास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण आदि की समीक्षा करते हुए बिन्दुवार इन योजनाओं की उपलब्धियां और किए गए कार्यों के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि देश और राज्य का तभी तेजी से विकास हो सकता है, जब आमजन के कल्याण के लिए बनी योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन हो। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को जनहित से जुड़ी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग करने, निर्धारित लक्ष्यों के विरूद्ध किए जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने और विकास योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। राज्यपाल मिश्र ने जिला प्रशासन के स्तर पर क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं और राष्ट्रीय अभियान से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने तथा कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि जिला स्तर पर गांव-गरीब को लाभान्वित किए जाने की योजनाओं को जिला प्रशासन स्तर पर गुणवत्ता से किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

■ विकास योजनाओं का जमीनी स्तर पर हो प्रभावी क्रियान्वयन - राज्यपाल

मिश्र ने बैठक में जिन क्षेत्रों में और योजनाओं में कम कार्य हुआ है अथवा लक्ष्य के विरूद्ध किए कार्य संतोषजनक नहीं रहे हैं। ऐसे कार्यों की जिला कलेक्टर स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग करने और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह नहीं सोचें कि जो कुछ उन्होंने बैठक में बताया है, वह आंकड़े ही सर्वमान्य हैं। जनता स्वयं आजकल जागरूक है और उन्हें और मुख्यमंत्री स्तर पर निरंतर योजनाओं के बारे में फीडबैक भी मिलता हैं। इसलिए कार्य अधिकारी यह ध्यान रखें कि विकास कार्य सिद्धान्त में और कागजों पर ही नहीं व्यवहार में भी होने चाहिए। राज्यपाल ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत शौचालय निम्रण की प्रगति के बारे में भी बैठक में विशेष रूप से जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2022-2023 में 8 हजार लक्ष्य के मुकाबले 2 हजार 614 व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है। इस संबंध में शत-प्रतिशत कार्य समय से पूर्व ही कर दिया जायेगा। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की जानकारी लेते हुए कहा कि किसान अन्नदाता है। इसलिए उनके लिए प्रारम्भ योजनाओं को प्रभावी रूप में क्रियान्वित किया जाए। जिले में समेकित विद्युत विकास योजना के तहत किए गए कार्यों के बारे में राज्यपाल मिश्र ने शहरी क्षेत्र में विद्युत तंत्र को सुदृढ़ करने के पर जोर दिया।

# चंबल लिफ्ट परियोजना के गोदाम पर आतंकी हमले की सूचना से मचा हड़कंप

## मॉक ड्रिल में कलेक्टर व एसपी सहित भारी पुलिस जाब्ता पहुंचा मौके पर



जिला एवं पुलिस प्रशासन की ओर से अपनी व्यवस्थाओं को परखने के लिए मॉक ड्रिल की गई।

**धौलपुर** (निस)। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से अपनी व्यवस्थाओं को परखने के लिए शनिवार शाम को मॉक ड्रिल की गई। जिसमें पुलिस कंट्रोल रूम से सभी विभागों को चंबल लिफ्ट परियोजना के गोदाम पर आतंकी हमला किए जाने तथा कुछ लोगों के मारे जाने की सूचना दी गई। इस सूचना से पुलिस एवं प्रशासन में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना के बाद धौलपुर जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल एवं एसपी धर्मेंद्र सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे। इसके अलावा भारी पुलिस जाब्ता भी मौके पर पहुंच गया। वही 108 एंबुलेंस काफी देरी से पहुंची। जिस पर जिला कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की।

जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल और एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि अपनी व्यवस्थाओं को परखने के लिए धौलपुर शहर के सैंपऊ रोड पर लाठ खेड़ा हनुमान जी मंदिर के पास स्थित चंबल लिफ्ट योजना के गोदाम पर आतंकी हमले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम से दिलवाई गई। जिसमें सबसे पहले पचगांव चौकी पुलिस मौके पर पहुँची। वहीं 108 एंबुलेंस सबसे बाद में देरी से पहुंची। इस दौरान पुलिस जवानों ने पूरा रेस्क्यू किया। ग्रीन कॉरिडोर बनाकर घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचाने का भी रिहर्सल किया गया। साथ ही आतंकियों को पकड़ने व बम को निष्क्रिय करने का भी रिहर्सल किया गया। साथ ही जवानों ने मोर्चा संभालते हुए पूरी व्यवस्थाएं सम्भाल ली। मॉक ड्रिल में पुलिस सहित अन्य व्यवस्थाएं चाक-चौबंद पाई गई, हालांकि 108 एंबुलेंस की भारी लापरवाही सामने आई है। जिसे लेकर जिला कलेक्टर ने कार्रवाई की बात कही है।

- **108 एंबुलेंस के देरी से पहुंचने पर जिला कलेक्टर ने जताई नाराजगी**

# गौकशी पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगेगा

## मेव समुदाय की एक महापंचायत में निर्णय लिया




भिवाड़ी के गुवालदा में मेव समुदाय की एक महापंचायत आयोजित हुई।

**अलवर,** (निसं)। भिवाडी के गुवालदा में शुक्रवार को मेव समुदाय की एक महापंचायत हुई। जिसमें कुछ महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा करते हुए समाज हित में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

दोपहर बाद शुरू हुई महापंचायत देर शाम तक चली जिसमें सैकड़ों की संख्या में गांव के लोग एकत्रित हुए और सभी ने समाज में फैली बुराइयों को दूर करने सहित कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें गाय हत्या करने वाले पर 5 लाख का जुर्माना लगाया जाएगा और साथ ही गाय काटने वालों की जानकारी देने वालों को 1100 रुपए का नगद पुरुस्कार दिया जाएगा। मेव समाज का कोई भी व्यक्ति जुआ, सट्टा खेलते हुए पकड़ा गया तो 1 लाख रुपए का जुर्माना और समाज का कोई भी व्यक्ति शराब पीता हुआ पाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर हाजी महमूद, हाजी नियाज मोहमंद, आंसू लम्बरदार, सरपंच यूनिस, दुल्ला बावरिया, मुस्तकीम ई मित्र सहित बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद थे।

- **सूचना देने वाले को 11 सौ रुपए का इनाम मिलेगा**

# शाहजहांपुर टोल प्लाजा पर 33 लाख की अवैध शराब पकड़ी



आबकारी थाना पुलिस ने अवैध शराब के 546 कार्टन जब्त किये।

**अलवर,** (निसं)। शाहजहांपुर टोल प्लाजा पर आबकारी थाना पुलिस शाहजहांपुर ने 33 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब पकडी है। दिल्ली मार्का की शराब दिल्ली से गुजरात ले जायी जा रही थी। अवैध शराब के 546 कार्टन जब्त कर ड्राइवर वीरमाराम (33) पुत्र भभूताराम निवासी दूदू को गिरफ्तार किया है। शाहजहांपुर आबकारी थाना प्रभारी लक्ष्मण राम ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की गई। थाना पुलिस द्वारा यह दूसरी बडी कार्रवाई की गई है।

- **दिल्ली से गुजरात ले जा रहा ड्राइवर गिरफ्तार**

# जेईई-मेन सेशन-2 के प्रश्नपत्र व रिकॉर्डेड रेस्पोंस जल्द जारी होंगे

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन का दूसरा सेशन शनिवार को समाप्त हो गया। अंतिम दिन बी-आर्क का एग्जाम एवं बीई-बीटेक के बचे हुए विद्यार्थियों के अतिरिक्त सेशन हुआ।

सेशन 2 के लिए 6 लाख 28 हजार विद्यार्थी पंजीकृत रहे। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि जेईई-मेन के दोनों सेशन की परीक्षाएं समाप्त होने के उपरान्त विद्यार्थियों को जेईई-मेन की आल इंडिया रैंक के जारी होने का इंतजार है। जेईई-मेन के दूसरे सेशन के विद्यार्थियों के रिकॉर्डेड रेस्पोंस, प्रोविजनल आंसर की एवं प्रश्न पत्र 1 से 3 अगस्त के मध्य जारी हो सकते हैं। साथ ही विद्यार्थियों को 5 अगस्त तक का समय अपने उत्तर एवं प्रोविजनल आंसर की को चैलेंज का दिया जा सकता है। इसके उपरान्त 6 अगस्त को जेईई-मेन की ऑल इंडिया रैंक जारी की जा सकती है, यह ऑल इंडिया रैंक विद्यार्थियों के दोनों सेशन की परीक्षा देने के उपरान्त हायर एनटीए स्कोर के आधार पर जारी की जा सकेगी।


आईआईएससी बैंगलुरू के बीटेक कोर्स के आवेदन प्रारंभ-देश के प्रतिष्ठित तकनीकी शिक्षण संस्थान आईआईटी के समकक्ष एवं शोध के लिए विश्व प्रसिद्ध संस्थान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी) बैंगलुरु में पहली बार बीटेक कोर्स की शुरुआत हुई है। इससे पूर्व इस संस्थान में फिजिक्स, कैमेस्ट्री, मैथेमेटिक्स, बॉयलोजी के साथ-साथ अन्य विषयों में बीएस एवं एमएस के कोर्स ही करवाए जाते थे। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि इस वर्ष आईआईएससी बैंगलुरू में बीटेक मैथ्स एण्ड कम्प्यूटिंग कोर्स की शुरुआत की गई है। यह कोर्स कम्प्यूटर साइंस के समकक्ष माना जाता है। इसलिए विद्यार्थियों में इस ब्रांच को लेकर भी खासा रूझान रहता है।

इस कोर्स में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को जेईई-एडवांस्ड परीक्षा देनी होगी। एडवांस्ड की रैंक के आधार पर ही विद्यार्थी चार वर्षीय इस पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकेंगे। कोर्स की आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, आवेदन की अंतिम तिथि 30 अगस्त तक रखी गई है। विद्यार्थी जेईई-एडवांस्ड आवेदन के उपरान्त ही इस कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। जेईई-एडवांस्ड की आवेदन प्रक्रिया 7 अगस्त से शुरू होगी।

# कोर्ट ने नगर परिषद को 15 दिन में सड़कें सुधारने के आदेश दिए

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। नगर परिषद क्षेत्र में एलएंडटी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सीवरेज लाइन डालने का काम किया जा रहा है। इस काम के लिए एलएंडटी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने नगर परिषद से एग्रीमेंट किया है। एलएंडटी कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से सीवरेज डालने का काम तय मापदंडों के अनुसार नहीं किया जा रहा है।

शहर में कई जगहों पर सीवरेज लाइन डाली गई है, वहां सड़क पर गड्ढे हो रहे हैं या फिर सड़क पर रेत के टीले बने हुए हैं। इसी तरह कहीं सीवर लाइन के मैन हॉल व ढक्कन सडक से एक फीट ऊपर तो कहीं सडक के अंदर है। सीवर लाइन के लिए खोदी गई मिट्टी और अन्य वेस्ट मटेरियल नालियों में डाल दिया गया है या सड़क पर ही पड़ा है। जहां सीवरेज लाइन चालू हो गई है, वहां सीवरेज लाइन के मैन हॉल से गंदा पानी सड़क पर आ रहा है, जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों बारिश के मौसम में सीवरेज लाइन के गड्ढों या टूटी सडकों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई लोग दुर्घटना के शिकार भी हो चुके हैं। इन सबसे परेशान जनता ने एक प्रतिनिधित्व दावा सिविल न्यायाधीश गंगापुर में एडवोकेट आलोक गोयल के जरिए दायर किया है। मामले में कोर्ट ने नगर परिषद और एलएंडटी कंस्ट्रक्शन कंपनी को नोटिस जारी किए। एडवोकेट आलोक गोयल ने बताया कि कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनकर नगर परिषद के खिलाफ अंतरिम आदेश पारित कर आदेश दिया कि 15 दिन के भीतर सीवरेज लाइन के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को सही किया जाए, नहीं तो नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों को कोर्ट की अवमानना में दोषी पाया जाएगा।



पुष्कर : वृंदावन में स्थित श्री बांके बिहारी जी के मंदिर में सजाएं जाने वाले फूल बंगले की तर्ज पर शनिवार को दिल्ली निवासी ज्ञान सैनी और पुष्कर के होटल कारोबारी महावर परिवार द्वारा जगतपिता भगवान ब्रम्हाजी के मंदिर में हजारों क्विंटल असली फूलों से फूल बंगला सजाया गया। बीते दो दिनों से दिल्ली से आये 35 कलाकारों की एक टीम दिन रात एक करके मंदिर को सजाने में जुटी हुई थी।

## तीज की सवारी नहीं निकलेगी

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। जिले में धारा 144 (निषेधाज्ञा) लगी होने के चलते उपखंड प्रशासन की ओर से स्वीकृति नहीं मिलने के कारण तीज की सवारी नहीं निकाली जाएगी।

महंत बुद्धि प्रकाश व बृजेंद्र नायन का जोशी ने बताया कि जिले में धारा 144 लगी होने के कारण प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने पर लोकपर्व श्रावणी तीजमाता की सवारी नायन का जोशी हवेली से बाहर नहीं आएगी वह स्टेडियम में लगने वाला मेला भी नहीं लगेगा।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि 31 जुलाई रविवार को तीज माता की प्रतिमा नायन का जोशी हवेली में ही विराजमान की जाएगी वहां पर ही लोग पूजन कर सकेंगे।

# शहीद सांवलाराम बिश्नोई की पार्थिव देह कल बाड़मेर पहुंचेगी



शहीद सांवलाराम विश्नोई

**बाड़मेर,** (निसं)। जिले के गुड़ामालानी निवासी सीमा सुरक्षा बल के मुख्य आरक्षक शहीद सांवलाराम बिश्नोई की पार्थव देह सोमवार को उनके गांव पहुँचेगी, जहाँ पूरे राष्ट्रीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। शहीद सांवलाराम बिश्नोई कांगो में संयुक्त राष्ट्र के चल रहे शान्ति मिशन में तैनात थे और 26 जुलाई को ड्यूटी के दौरान उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे।

जानकारी के मुताबिक बीएसएफ गुजरात फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी के मुताबिक सांवलाराम विश्नोई 2 मई 2022 से शांति मिशन कांगों में अपनी सेवाएं दे रहे थे। 26 जुलाई को मोरक्को कैंप पर जहां मुख्य आरक्षक सांवला राम विश्नोई अपने अन्य साथियों के साथ तैनात थे, उग्र भीड ने हमला कर दिया। मुख्य आरक्षक सांवला राम विश्नोई ने लडते लडते कर्तव्य की वेदी पर प्राण न्यौछावर कर दिए। इनका पार्थिव देह 31 जुलाई को सुबह 9 बजे नई दिल्ली पहुँचेगी। इसके पश्चात् विमान द्वारा दिल्ली से जोधपुर लाया जायेगा तथा बाद में सडक मार्ग द्वारा जोधपुर से बाडमेर लाया जायेगा।

एक अगस्त को शहीद मुख्य आरक्षक सांवला राम विश्नोई का पार्थिव शरीर सुबह 8 बजे से 8.30 बजे तक सीमा सुरक्षा बल कैम्प, नेहरू नगर में श्रद्धांजलि हेतु रखा जायेगा। इसके बाद बाडमेर में शहीद सर्किल, चौहटन चौराहा, कुर्जा फॉटा , सनावडा, मेहलू होते हुए उनके मौजूद निवास बॉंड, पुलिस थाना गुड़ामालानी पहुंचेगा। जहां पर पूरे राष्ट्रीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

## हादसे दो छात्रों की मौत, एक घायल

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। बहरोड़ कस्बे में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर परिवहन कार्यालय के सामने शनिवार प्रातः 9 बजे सड़क पर खड़े ट्रेलर में बाइक घुस गई। इस दर्दनाक हादसे में बाइक पर सवार 12 वीं क्लास में पढ़ने वाले तीन छात्रों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई, दोनों छात्र गांव गंडाला के रहने वाले थे। वहीं एक छात्र गंभीर घायल हो गया, छात्रों ने हेलमेट भी नहीं लगाया हुआ था।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तीनों छात्रों को बहरोड़ के राजकीय अस्पताल पहुंचाया। जहां दो छात्रों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं माजरी निवासी घायल छात्र का इलाज जारी है। बाइक तेज स्पीड में थी जो ट्रक में घुसने के बाद आगे का हिस्सा पूरी तरह टूट गया।

# शिकायत के बावजूद अतिक्रमण पर नहीं हो रही कार्रवाई



बनेठा में सहकारी सेवा समिति के सामने प्रभावशाली लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया जा रहा है।

**उनियारा,** (निसं)। उनियारा उपखण्ड क्षेत्र के बनेठा में सहकारी सेवा समिति के सामने प्रभावशाली लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कार्य होने के चलते ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन से लेकर जिला कलेक्टर, विधायक तक का दरवाजा खटखटाया लेकिन फिर भी नतीजा ढाक के तीन पात ही निकला। प्रशासन की अनदेखी के चलते प्रभावशाली लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर रात दिन पक्का निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन पंचायत प्रशासन से लेकर उच्च प्रशासन तक इस अतिक्रमण को ध्वस्त करने में नाकाम बना हुआ है। जिसके कारण ग्रामीण पंचायत प्रशासन से लेकर उच्च प्रशासन पर मिलीभगत कर निर्माण कार्य करने के आरोप लगा रहे हैं।

सहकारी सेवा समिति अध्यक्ष किशनलाल माली, व्यवस्थापक सत्यनारायण चौधरी, वार्ड पंच मोहन लाल माली, जवान माली, कमलेश सैनी, माधो कीर, रमेश चंद सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा रॉयल्टी चौराहे पर प्रभावशाली को आनन-फानन में बिना नियमानुसार पट्टा जारी कर दिया गया था। जबकि वह भूमि ग्राम सेवा सहकारी समिति के बाहर स्थित है। इसके बाद मीडिया में मामला आने तथा ग्रामीणों द्वारा आपत्ति जताने पर ग्राम पंचायत द्वारा विशेष बैठक बुलाकर 28 जून को दिए गए पट्टे को निरस्त करने का प्रस्ताव ले लिया था और पट्टा धारक को नोटिस देकर तामिल भी करवा दिया गया था। लेकिन प्रभावशाली के ऊपर तक जूं तक नहीं रेंगी। लेकिन पंचायत प्रशासन तथा उच्चाधिकारियों की लापरवाही, अनदेखी तथा उदासीनता के चलते हुए प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा आनन फानन में रातों रात ग्राम सेवा सहकारी समिति के सामने पक्का निर्माण कर अतिक्रमण किया जा रहा है।

- **प्रभावशाली लोग दिन-रात कर रहे पक्का निर्माण**

# पशु तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने 10 वाहन बरामद किये

**धौलपुर** (निस)। कोतवाली थाना पुलिस ने शनिवार को आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर सागर पाड़ा चेक पोस्ट के पास नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई करते हुए पशुओं की तस्करी करने जा रहे 10 वाहनों को पकड़ा है। 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने 263 पशु मुक्त कराए हैं।

कोतवाली थाना प्रभारी आध्यात्म गौतम ने बताया कि एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देश में वांछित अपराधी एवं बदमाशों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पुलिस लगातार कार्रवाई को अंजाम दे रही है। उन्होंने बताया थाना क्षेत्र के आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर सागर पाड़ा चेक पोस्ट के पास सघन नाकाबंदी कराई गई थी। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने ग्वालियर की तरफ से आ रहे 10 वाहनों को रोका गया। जिनके अंदर पशु ठूंस ठूंस कर भरे हुए थे। मौके से पुलिस ने 10 आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम एक्ट में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। अनुसंधान के दौरान पशु तस्करी के बड़े मामले भी खुल सकते हैं।

नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद शकील निवासी कागारोल, आमीन निवासी कागरोल, सद्दाम निवासी कागरोल, साबिर निवासी कागरोल, आमीन राजुद्दीन निवासी कागरोल, शौकीन निवासी बाड़ी, मेवाराम निवासी झारपुरा धौलपुर, अशोक निवासी कागरोल, आशु निवासी सादाबाद और किलो निवासी कागरोल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

- **ठूंस-ठूंस कर भरे 263 पशु मुक्त कराए**



कोतवाली थाना पुलिस ने दस पशु तस्करों को पकड़ा।

## 10 कोरोना संक्रमित

**भीलवाडा,** (निसं)। आमजन की लापरवाही के कारण भीलवाडा जिले में कोरोना का संक्रमण लगातार बढ ता जा रहा है। शनिवार को भीलवाडा में बूस्टर डोज लगवा चुकी 50 वर्षीय वृद्धा सहित 10 नए संक्रमित मिले हैं।


**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
**न्यायालय सिविल जज (क्र.) 1 जयपुर महानगर द्वितीय ललीता देवी विरूद्ध राज. सरकार व अन्य**
**वाद बाबत सिविल मृत्यु घोषणा**
**वाद सं. 132 सन् 2022**
**बनाम घर आम और खास**

स्थान...ने आपके विरूद्ध...के लिए बाद पंजीयक किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 01 माह 08 सन् 22 को दिन मे 10AM बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में शक्ति में हैं, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेंजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेग।

यह वाद ता. 29 माह 07 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया हैं।

मोहर अदालत

**अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-1 जयपुर महानगर द्वितीय**



मैं इस तरह से तैयारी कर रहा हूं जैसे कि मुझे प्रतिस्पर्धा करने की इजाजत मिलेगी। मैं यह सुनने का इंतजार कर रहा हूं। कि मुझे अमेरिका जाने का कोई रास्ता है। - नोवाक जोकोविच

शीर्ष टेनिस खिलाड़ी, यूएस ओपन में हिस्सा लेने को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶**

### अर्शदीप सिंह



**युवा** भारतीय तेज़ गेंदबाज़ अर्शदीप सिंह ने कहा है कि धीमी विकेट पर विविधताओं का इस्तेमाल करना ख़ासकर धीमी गति की गेंद करने से उन्हें वेस्टइंडीज़ के खिलाफ पहले टी20 में सफलता मिली। पिछले महीने साउथैंप्टन में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ अपना पहला टी20 खेलने वाले अर्शदीप ने भारतीय टीम में वापसी की और चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिए। अर्शदीप ने मैच के बाद पत्रकार वार्ता में कहा, ''यह अच्छा अनुभव रहा। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। टीम जीती तो यह खुशी दोगनी हो गई। आराम मिलने के बाद मैं लंबे समय बाद खेल रहा था।

**क्या आप जानते हैं ?...** जर्मनी में 1974 में हुए विश्वकप फुटबॉल से 'टोटल फुटबॉल' शुरू हुई अर्थात हर खिलाड़ी हर स्थान पर खेलने की क्षमता रखता है। हॉलैंड ने इसकी शुरुआत की।

# मीराबाई ने दिलाया भारत को पहला स्वर्ण

बर्मिंघम, 30 जुलाई। भारत की शीर्ष भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शनिवार को 49 किग्रा भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक जीता। यह भारत का पहला स्वर्ण और कुल तीसरा पदक है। यह मीराबाई का भी राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार तीसरा पदक है। मीराबाई ने फाइनल में स्नैच के दूसरे प्रयास में 88 किग्रा के साथ नया राष्ट्रीय और राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद उन्होंने क्लीन एंड जर्क को भी एकतरफा जीतते हुए पहले प्रयास में 109 किग्रा भार उठाकर देश का पहला स्वर्ण पक्का किया। वह इतने पर भी नहीं रुकीं और अपने ही प्रदर्शन को बेहतर करते हुए उन्होंने दूसरे प्रयास में 113 किलो वज़न उठाया। वह तीसरे प्रयास में असफल रहीं लेकिन उससे फर्क नहीं पड़ा क्योंकि 201 किलो के स्वर्णिम प्रदर्शन के साथ वह पोडियम पर पहले स्थान पर रहीं।



## गुरुराजा ने कांस्य जीतकर भारत को दिलाया दूसरा पदक

बर्मिंघम, 30 जुलाई। भारत के गुरुराजा पुजारी ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में देश को दूसरा पदक दिलाते हुए शनिवार को 61 किग्रा भारोत्तोलन में कांस्य पदक हासिल किया। गोल्डकोस्ट 2018 के रजत पदक विजेता गुरुराजा ने स्नैच में 118 किग्रा



उठाने के बाद क्लीन एंड जर्क में अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 151 किग्रा के निशान को छुआ और उनका कुल स्कोर 269 किग्रा रहा। भारतीय भारोत्तोलक अपने दूसरे प्रयास में 148 किग्रा उठाकर कनाडा के यूरी सिमार्ड (कुल 268) से पीछे चल रहे थे, लेकिन तीसरे प्रयास में उन्होंने 151 किग्रा भार उठाकर भारत के लिये दूसरा पदक पक्का किया। मलेशिया के अज़निल बिन बिदिन मोहम्मद ने कुल 285 किग्रा वज़न उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। क्लीन एंड जर्क में 158 किलो की सर्वश्रेष्ठ लिफ्ट करने वाले अज़निल ने स्नैच राउंड में 127 किलो की लिफ्ट के साथ राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। पापुआ न्यू गिनिया के मोरेया बारू ने 273 किलो के कुल स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

## संकेत सरगर ने खोला भारत का खाता, जीता रजत




बर्मिंघम, 30 जुलाई। भारत के युवा भारोत्तोलक संकेत सरगर ने शनिवार को राष्ट्रमंडल खेल 2022 में मलेशिया के अनिक मोहम्मद से सिर्फ एक किलोग्राम के अंतर से हारने के बाद रजत पदक प्राप्त किया। यह बर्मिंघम में भारत का पहला पदक है। 21 वर्षीय संकेत ने 55 किग्रा भार वर्ग के स्नैच राउंड में 113 किग्रा और क्लीन एंड जर्क राउंड में 135 किग्रा सहित कुल 248 किलोग्राम भार उठाया, जबकि अनिक ने स्नैच में 107 और क्लीन एंड जर्क में 142 किग्रा के साथ कुल 249 किग्रा भार उठाया। संकेत ने क्लीन एंड जर्क राउंड में पहले प्रयास में सफलतापूर्वक 135 किग्रा वजन उठाने के बाद दूसरे और तीसरे प्रयास में 139 के आंकड़े को छूना चाहा, लेकिन वह असफल रहे और अंततः रजत से संतोष किया। इस प्रयास में संकेत के दाएं हाथ में चोट भी आ गयी और वह पदक वितरण के दौरान पोडियम पर बैंडेज बांधे नज़र आये। अपने दूसरे प्रयास में असफल होने के बाद अनिक ने अंतिम प्रयास में 142 किग्रा उठाकर स्वर्ण हासिल किया। श्रीलंका के दिलंका युडागे ने 225 किग्रा (105 स्नैच, 120 क्लीन एंड जर्क) के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। संकेत ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का पहला पदक जीतने के बाद कहा, मैं अपना पदक भारत के स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित करता हूं, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिये अपने प्राण न्यौछावर कर दिये।

## पदक जीतने के लिए मुझे खतरा उठाना था : संकेत

बर्मिंघम, 30 जुलाई। भारत को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का पहला पदक दिलाने वाले भारोत्तोलक संकेत सरगर ने अपनी जीत के बाद कहा कि चोटिल होने के बावजूद पदक जीतने के लिए उन्हें खतरा उठाना था।

संकेत ने कहा,मुझे एक आवाज आयी और दर्द होने लगा। पहली बार जब यह हुआ तो भी मुझे लिफ्ट उठानी पड़ी। उसके बाद दूसरी और तीसरी लिफ्ट भी मुझे उठानी पड़ी। मुझे यह खतरा उठाना पड़ा क्योंकि मैं पदक जीतना चाहता था इसलिए मैंने जोखिम लिया।

उन्होंने कहा, काफी दर्द है। मैं अपने हाथ को ढीला नहीं छोड़ सकता। मुझे अपनी मेडिकल टीम के पास जाना पड़ा और एक्सरे करवाना पड़ा। मेरे पैरों को कुछ नहीं हुआ है क्योंकि इसके कारण यदि यह मुड़ता तो मैं ऐसा नहीं कर पाता। उस समय मेरा शरीर गर्म था इसलिए ज्यादा महसूस नहीं हुआ लेकिन अब महसूस हो रहा है।

अपने पदक के लिए संकेत ने कहा,मुझे अफ़सोस है क्योंकि मैं स्वर्ण जीतना चाहता था। मैंने खुद को ऐसे प्रशिक्षित किया था कि मैं स्वर्ण जीत सकूं। लेकिन मैं निराश भी हूँ और पदक जीतने पर खुश भी हूं। संकेत ने कहा, मैं अपना पदक भारत के स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित करता हूं, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिये अपने प्राण न्यौछावर कर दिये।

## श्रीहरि ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल में बनायी जगह

बर्मिंघम, 30 जुलाई। भारत के युवा तैराक श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रमंडल खेलों के पहले दिन शुक्रवार (भारत में शनिवार) को पुरुषों के 100 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल में जगह बनायी। नटराज ने 54.55 सेकंड के समय के साथ सेमीफाइनल-2 में चौथा (कुल सातवां) स्थान प्राप्त किया। दक्षिण अफ्रीका के 17 वर्षीय पीटर कोएट्ज़े ने 53.67 सेकंड के साथ दोनों सेमीफाइनल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नटराज 31 जुलाई को होने वाले फाइनल में भारत को राष्ट्रमंडल खेलों में तैराकी का दूसरा पदक दिलाने का प्रयास करेंगे। इससे पहले तैराकी में भारत का एकलौता राष्ट्रमंडल पदक 2010 में आया था, जब प्रशांत करमाकर ने पैरा-स्विमिंग आयोजन में कांस्य हासिल किया था।

## मैराथॉन में 12वें स्थान पर रहे नितेन्द्र रावत

बर्मिंघम, 30 जुलाई। भारत के नितेन्द्र रावत राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष मैराथॉन में शनिवार को 12वें स्थान पर रहे। रावत ने 2:19:22 का समय लिया। स्वर्ण युगांडा के विक्टर किपलंगत (2:10:55) ने जीता। तंज़ानिया के अलफोंसे सिम्बू (2:12:29) ने रजत और केन्या के माइकल जिथै (2:13:16) ने कांस्य पदक जीता। 35 वर्षीय रावत पांच किमी के बाद 16वें स्थान पर थे लेकिन 30 किमी आते-आते वह12वें स्थान पर पहुंच गए।

## हुसाम ने ड्येयी को किया चारों खाने चित्त

बर्मिंघम, 30 जुलाई। भारत के मोहम्मद हुसामुद्दीन ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करते हुए शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के अम्ज़ोलेले ड्येयी को मात दी। हुसाम ने 57 किग्रा के शीर्ष-32 मुकाबले में ड्येयी को 5-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। मैच में पूरी तरह हावी रहे हुसामुद्दीन दूसरे राउंड के अंत तक 4-0 से आगे चल रहे थे, और तीसरे राउंड में उन्होंने अपने वर्चस्व को बरकरार रखते हुए मैच को 5-0 पर समाप्त किया।

## भारत ने श्रीलंका को किया 5-0 से क्लीन स्वीप

बर्मिंघम, 30 जुलाई। भारतीय मिश्रित बैडमिंटन टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शनिवार को श्रीलंका को क्लीन स्वीप कर प्रतियोगिता की लगातार दूसरी जीत दर्ज की। बर्मिंघम में अपने अभियान की शुरुआत में पाकिस्तान को 5-0 से हराने के बाद भारत ने श्रीलंका पर भी 5-0 से जीत दर्ज की। अश्विनी पोनप्पा और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी ने भारत को विजयी शुरुआत दिलाते हुए सचिन दियास और थिलिनी हेंदाहेवा को 21-14, 21-9 से हराया। इसके बाद राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण कर रहे लक्ष्य सेन ने निलुका करुणारत्ने को 21-18, 21-5 से मात दी। पहले गेम में लक्ष्य को कदम जमाने में समय लगा, लेकिन दूसरा गेम उन्होंने आसानी से जीता। साथ ही 20 वर्षीय आकर्षी कश्यप ने पदार्पण करते हुए विदारा विदनगे को एकतरफा रूप से 21-3, 21-9 से हराया। पुरुष युगल मुकाबले में जहां सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी ने 21-10, 21-13 से जीत दर्ज की, वहीं त्रिशा जॉली और गायत्री ने महिला युगल में 21-18, 21-6 के साथ विजय हासिल की।

## महिलाओं ने विश्व कैडेट चैम्पियनशिप में 5 स्वर्ण जीते

रोम, 30 जुलाई। भारतीय महिला कुश्ती टीम ने शनिवार को इतिहास रचते हुए विश्व कैडेट चैंपियनशिप में पांच स्वर्ण जीते। भारत ने यहां शुक्रवार को दो स्वर्ण पदक जीते थे, और शनिवार को अपनी पदक तालिका में इजाफा करते हुए तीन और स्वर्ण जीते। मुस्कान ने 43 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में जापानी प्रतिद्वंदी को 10-0 से मात दी। दूसरी ओर, सविता ने 61 किग्रा में अमेरिकी पहलवान को 12-0 से हराकर स्वर्ण जीता। हर्षिता ने 69 किग्रा के फाइनल में जापानी प्रतिद्वंद्वी को 3-1 से हराया। दो पहलवान चोट के कारण कांस्य पदक मुकाबलों में हिस्सा नहीं ले सकीं और भारत को चैंपियनशिप में दूसरे स्थान के साथ संतोष करना पड़ा। जापान ने 180 पॉइंट के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि भारत 149 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। यूक्रेन 112 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इससे पहले ऋतिका (43 किग्रा) और प्रिया (73 किग्रा) ने शुक्रवार को भारत के लिये स्वर्ण जीते थे। इस बीच, पांच भार वर्गों में फ्री स्टाइल बाउट भी आयोजित हुए जहां चार भारतीय पहलवानों ने सेमीफाइनल में जगह बनायी। इनमें से तीन सेमीफाइनल मुकाबले में हार गये और केवल सचिन मोर ने 80 किग्रा के फाइनल में जगह बनायी।

## क्रिकेट द. अफ्रीका की नयी टी-20 लीग में खेल सकते हैं बटलर, लिविंग्स्टन और होल्डर

जोहानसबर्ग, 30 जुलाई। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) की नयी टी20 लीग से जॉस बटलर, लियम लिविंग्स्टन, मोईन अली और जेसन होल्डर ने अपना नाम जोड़ा है। यह लीग अगले साल जनवरी से खेली जाएगी और इसमें खिलाड़ियों को लगभग तीन लाख डॉलर (या दो करोड़ 40 लाख रुपये) तक की तनख़्वाह मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पूर्व दक्षिणअफ्रीकी कप्तान ग्रीम स्मिथ इस लीग की अगुआई करेंगे और इसमें छह फ्रैंचाइज़ टीमें होंगी, जिनके पास खिलाड़ियों को ख़रीदने के लिए 20 लाख डॉलर (लगभग 16 करोड़ रुपये) होंगे।

अब तक लीग के पहले संस्करण का कार्यक्रम सार्वजानिक नहीं किया गया है लेकिन ऐसा समझा जा रहा है कि पहला मैच 11 जनवरी को होगा और फ़ाइनल 12 फ़रवरी को खेला जाएगा। अगर इस कार्यक्रम में कुछ बदलाव भी हों तब भी इस लीग के यूएई में 6 जनवरी और 12 फ़रवरी के बीच आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय लीग टी20 (आईएलटी20) के साथ-साथ होने की संभावना बनी है।

लगभग उसी दौरान ऑस्ट्रेलिया में बीबीएल और बांग्लादेश में बीपीएल का भी आयोजन हो सकता है और इसका मतलब है खिलाड़ियों की उपलब्धता पर कई सवालिया निशान होंगे। लिविंग्स्टन इस साल बीबीएल के ड्राफ़्ट में शामिल विदेशी खिलाड़ियों में सबसे प्रमुख हैं और ऐसे में उनसे ऑस्ट्रेलिया में ही पूरा सीज़न खेलने की आशा जताई जा रही है।

सीएसए की लीग और आईएलटी20 में अधिकतर टीमें आईपीएल के टीम मालिकों के नियंत्रण में हैं और दोनों लीगों के लिए सबसे बड़ा मुद्दा होगा विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता। इसको ध्यान में रखते हुए आईएलटी20 ने शीर्ष के खिलाड़ियों के लिए साढ़े चार लाख डॉलर (साढ़े तीन करोड़ रुपये) तक के वेतन की योजना बनाई है और इससे यह लीग आईपीएल के बाद दुनिया का सबसे अधिक भुगतान करने वाला लीग बन जायेगी। अगर सीएसए लीग के साथ तुलना की जाए तो दक्षिण अफ्रीका के पास अपने घरेलू प्रतिभा की उपलब्धता का फ़ायदा मिलेगा। आईएलटी20 में मुख्यतया वैश्विक खिलाड़ी नज़र आएंगे और हर टीम में 18 में से 12 खिलाड़ी विदेशी होंगे। वहीं दक्षिण अफ्रीका में 17 में से 10 खिलाड़ी घरेलू प्रतिभाओं में से ही होंगे। दक्षिण अफ्रीका की लीग में टीम संयोजन को आईपीएल के आधार पर रखा जाएगा और सात घरेलू खिलाड़ियों के साथ चार विदेशी खिलाड़ियों को खिलाया जा सकेगा।

# कुछ असफलता भी मिले तो भी हम अपनी आक्रामक नीति बरकरार रखेंगे : रोहित शर्मा

टारौबा, 30 जुलाई। अगले टी20 विश्व कप से पहले भारत की अति आक्रामक बल्लेबाज़ी के रणनीति के चलते अगर एक-आध असफलता भी रोहित शर्मा की टीम के हाथ लगे, तो भी यह भारतीय कप्तान को मंज़ूर है। टारौबा में एक मुश्किल पिच पर लगातार विकेटों के पतन के बावजूद ख़ुद रोहित (44 गेंदों पर 64 रन) और दिनेश कार्तिक (19 गेंदों पर 41 नाबाद) ने अपनी पारियों के दौरान इसी नीति को प्रदर्शित किया।

रोहित ने मैच के बाद प्रेज़ेंटेशन के दौरान कहा, ''हम पहले छह ओवर, उसके बाद मिडिल ओवर और फिर पारी की समाप्ति में एक रणनीति के तहत बल्लेबाज़ी करना चाहते हैं। यह गेम के तीन पहलू हैं जहां हम हर खिलाड़ी से विशेष भूमिका की उम्मीद रखते हैं। आज हमने ऐसा किया और सफल रहे लेकिन ऐसा हर बार नहीं होगा। इस काम में एक-आध असफलता भी हमारे हाथ लगेगी लेकिन यह ठीक है।''

भारत ने 2022 में टी20 क्रिकेट खेलते हुए 9.46 प्रति ओवर के दर से बल्लेबाज़ी की है और यह किसी भी ऐसे साल जहां भारत ने एक से ज़्यादा टी20 अंतर्राष्ट्रीय खेला हो, उसमें सर्वाधिक है। इस वर्ष केवल न्यूज़ीलैंड (10.21) ने भारत से तेज़ी से रन बनाए हैं। हालांकि रोहित ने अपने बल्लेबाज़ों को मुश्किल पिचों पर अपने गेम को बदलने की सलाह भी दी।

उन्होंने कहा, ''हमें समझना होगा कि हम कैसी पिच पर खेल रहे हैं। कुछ पिचों पर आप इतनी आक्रामक बल्लेबाज़ी नहीं कर सकते हैं और ऐसे में आपको अपने कौशल पर भरोसा जताते हुए धैर्य के साथ काम लेना होगा। हमारे प्लेयर्स हर तरह की पिचों पर खेलने के आदी हैं और वह मिडिल ओवर्स में कुशलता के साथ खेल सकते हैं।'' कार्तिक की पारी ने भारत को 16 ओवरों में 138 पर छह की स्थिति से अगले चार ओवरों में 190 तक पहुंचाया। रोहित के अनुसार पारी के बीचों-बीच ऐसा लग नहीं रहा था कि भारत इस स्कोर तक पहुंचेगा।

रोहित ने कहा, ''हमें पता था यह पिच आसान नहीं। शुरुआत से ही शॉट लगाना मुश्किल था और स्पिनरों के लिए मदद होने की वजह से बहुत ज़रूरी था कि सेट बल्लेबाज़ देर तक खेल सकें। ऐसे में 190 तक जाना एक बहुत प्रशंसनीय प्रयास था क्योंकि जब हमने पहले 10 ओवर खेल लिए थे, तब मुझे ऐसा लग नहीं रहा था कि इस पिच पर 170-180 तक भी बनेंगे। हमने मेहनत की, क्रीज़ पर डटे रहे और अपने कौशल के आधार पर एक बड़ा लक्ष्य रखा जो विरोधी टीम के लिए बहुत बड़ी चुनौती साबित हुई।''

## भारत 68 रन से जीता

टारौबा, 29 जुलाई। कप्तान रोहित शर्मा (64) के शानदार अर्धशतक और दिनेश कार्तिक की नाबाद 41 रन की तूफानी पारी के बाद गेंदबाजों के सटीक प्रदर्शन से भारत ने वेस्ट इंडीज को पहले टी 20 मुकाबले में शुक्रवार को 68 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। भारत ने 20 ओवर में छह विकेट पर 190




रन का मजबूत स्कोर बनाया और विंडीज को आठ विकेट पर 122 रन पर रोक दिया। भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप बिश्नोई ने दो-दो विकेट लिए। भारत की इस दौरे में यह लगातार चौथी जीत है। इससे पहले उसने विंडीज को वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। रोहित ने 44 गेंदों की अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए।

## संकेत का पान की दुकान से कॉमनवेल्थ पोडियम तक का सफर

सांगली, 30 जुलाई। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए वेटलिफ्टर संकेत महादेव ने 55 किलो भार वर्ग में रजत पदक जीता। भारत के लिए पदक खाता खोलने वाले संकेत अबतक काफी साधा जीवन जीते आए हैं। संकेत के पिता की सांगली में एक पान की दुकान है। इस साल कॉमनवेल्थ खेलों में भारत की ओर से कोई भी मेडल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने संकेत का जीवन काफी संघर्षों से भरा हुआ रहा है। संकेत बेहद गरीब परिवार से हैं और उनकी कामयाबी के पीछे परिवार का बड़ा हाथ रहा है। संकेत के पिता की सांगली में एक पान की दुकान है। संकेत कोल्हापुर के शिवाजी यूनिवर्सिटी में हिस्ट्री के छात्र हैं। वह इससे पहले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2020 और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2020 में भी अपनी कैटेगरी के चैम्पियन रहे हैं। इंटरनेशनल लेवल पर संकेत का ये पहला बड़ा मेडल है। सुबह साढ़े पांच बजे उठकर ग्राहकों के लिए चाय बनाने के बाद ट्रेनिंग, फिर पढ़ाई और शाम को फिर दुकान से फारिग होकर व्यायामशाला जाना, करीब सात साल तक संकेत की यही दिनचर्या हुआ करती थी।

# विश्वकप में फिनिशर की भूमिका लगभग अपने नाम कर ही ली है कार्तिक ने

टारौबा, 30 जुलाई। रवींद्र जाडेजा, अल्ज़ारी जोसेफ़ की गेंद पर शॉर्ट थर्ड को कैच थमाकर निराश दिखे। टारौबा की धीमी पिच पर भारत ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए ख़ुद को 16 ओवर में छह विकेट पर 138 रन पर पाया। जेसन होल्डर और उनके साथी गेंद से गति निकालते हुए भारतीय बल्लेबाज़ के पाले से बाहर की दिशा में गेंदबाज़ी कर रहे थे। इससे वेस्टइंडीज़ को फ़ायदा मिल रहा था और ब्रायन लारा स्टेडियम में उपस्थित दर्शक भी पूरी तरह से उनका साथ निभा रहे थे।

वेस्टइंडीज़ की पार्टी को किरकिरा किया दिनेश कार्तिक ने, जिनके 19 गेंदों पर नाबाद 41 के बदौलत भारत छह विकेट पर 190 रन तक पहुंचा। एक दोहरे उछाल वाली सतह पर कार्तिक इकलौते भारतीय बल्लेबाज़ बनें जिनका स्ट्राइक रेट 150 से अधिक का था।आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और फिर घरेलू सीरीज़ में भारत के लिए दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध अपनी फ़िनिशिंग कौशल को दर्शाने के बाद कार्तिक ने यह वेस्टइंडीज़ में कर दिखाया और अब इस भूमिका के लिए ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप में भारतीय दल में उनके सिवाय किसी का नाम नहीं दिखता।

आईपीएल 2022 की शुरुआत से डेथ ओवरों (17-20) में कार्तिक का स्ट्राइक रेट है 210.91 और इस आंकड़े में विश्व भर में केवल टिम डेविड (226.72) और जेम्स नीशम (220.45) उनसे आगे हैं। कहा जा सकता है कि इस रोल के लिए कार्तिक ने अपनी गेम पर काफ़ी परिश्रम की है लेकिन शुक्रवार के मुक़ाबले में परिस्थितियां भी उनके लिए अनुकूल नहीं थीं। एक समय पर वह 12 गेंदों पर 17 रन पर थे और उन्हें इस बात का इल्म था कि उनके बाद भारत के लिए कोई बल्लेबाज़ नहीं है।

जब होल्डर एक यॉर्कर को सटीक तरह से डालने में चूके तो कार्तिक ने उसे ज़ोर से मिडविकेट के ऊपर छक्के के लिए दे मारा। अब होल्डर ने कोण बदलकर कार्तिक के शरीर के अक्रॉस गेंद डाला तो कार्तिक ने ज़बरदस्त लचीलेपन के साथ गेंद को कवर के ऊपर चौके के लिए भेज दिया। धीमी ओवर रेट के लिए वेस्टइंडीज़ को दंड स्वरूप आउटफ़ील्ड में एक खिलाड़ी कम रखने की अनुमति थी।

ऐसे में आख़िरी ओवर में कार्तिक ने फ़ील्ड के साथ खिलवाड़ करते हुए दो चौके और एक छक्का और जड़ दिया। ओबेद मकॉय के गति परिवर्तनों का मुक़ाबला करने के लिए उन्होंने एबी डीवीलियर्स की तरह अपने बल्ले के बैकलिफ़्ट को ऊंचा रखा और उसे स्लिप की दिशा से नीचे किया। दूसरे छोर पर आर अश्विन तमिल में कार्तिक की बल्लेबाज़ी की प्रशंसा करने लगे। एक ज़माना था जब अश्विन उन समर्थकों में थे जो कार्तिक की बल्लेबाज़ी को निहारने चेपॉक जाते थे। कार्तिक अब एक ऐसे स्थान पर हैं जहां उन्हें अपनी फ़िनिशिंग पर किसी भी परिस्थिति में पूरा भरोसा है।

मैच के बाद कार्तिक ने फ़िनिशर की भूमिका पर कहा, ''मुझे बहुत मज़ा आ रहा है। इस रोल में आप लगातार सफल नहीं हो सकते। लेकिन जब आपका दिन अच्छा हो आप अपनी टीम के लिए बड़ा प्रभाव डाल देते हैं। आपको कोच और कप्तान के समर्थन की ज़रुरत पड़ती है और मेरे लिए ऐसा होना भाग्य की बात है।''

आगे उन्होंने कहा, ''आप को विकेट को पढ़ना पड़ता है। आख़िरी चार या पांच ओवरों में आपको कुछ चीज़ों का ध्यान रखना पड़ता है - गेंद का आकार और वह कितनी मुलायम हो चुकी है, आप किस विकेट पर किस प्रकार के शॉट लगा सकते हैं। यह सब अभ्यास से ही आता है जब आप बल्लेबाज़ी के कई पहलुओं को समझने लगते हैं।''

कार्तिक अभ्यास और गेम टाइम में बड़ा विश्वास करते हैं। आईपीएल सीज़न से पहले वह अपने क्लब इंडिया सीमेंट्स के लिए एक टी20 टूर्नामेंट खेलने चेन्नई से 500 किमी दूर तेनी नाम के शहर चले गए थे। इस कैरेबियन दौरे से पूर्व उन्होंने कोयम्बटोर जाकर एक धीमी पिच पर तिरुपुर तमिढ़ंस के लिए एक टीएनपीएल मैच भी खेला था।

37 साल की उम्र में कार्तिक की कार्य नीति अपने आप में एक मिसाल है और लोगों को ग़लत साबित करने में मदद करती है। कुछ समय पहले बीयरबाइसेप्स नामक पॉडकास्ट पर आरसीबी के फ़िटनेस कोच और प्रसिद्ध फ़िटनेस प्रशिक्षक शंकर बासु ने कार्तिक के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने की बात को असंभव कहा था।

कार्तिक ने ऐसी वापसी की है कि अब टीम प्रबंधन उन्हें एक स्थिर स्थान देने के लिए और बल्लेबाज़ों के स्थानों में बदलाव करने को तैयार है। इंग्लैंड में दो अभ्यास टी20 मुक़ाबलों में कार्तिक कप्तान भी थे। अब ऐसा लग रहा है कि ऑस्ट्रेलिया जा रही विमान में एक सीट पर तो उनका नाम होगा ही।

## जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान, कोहली-रोहित को आराम

नई दिल्ली, 30 जुलाई। जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। बीसीसीआई ने शिखर धवन को टीम का कप्तान बनाया गया है। वहीं टीम में विराट कोहली, रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी हिस्सा नहीं होंगे, जिन्हें आराम दिया गया है। दूसरी ओर तेज गेंदबाज दीपक चाहर टीम इंडिया में वापसी कर रहे हैं। बता दें कि शिखर धवन की कप्तानी में टीम इंडिया ने एकदिवसीय सीरीज में वेस्टइंडीज पर 3-0 से हराया है। सीरीज में रोहित, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे कई वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम दिया गया था। वहीं अब जिम्बाब्वे के खिलाफ 3 वनडे सीरीज के लिए एक बार फिर कोहली और रोहित को आराम दिया है।

**जिम्बाब्वे के खिलाफ 3 वनडे के लिए भारतीय टीम :** शिखर धवन (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर।

## राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिए खेल संघों से प्रविष्टि आमंत्रित

जयपुर, 30 जुलाई। गुजरात में 27 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलो भाग वाले राज्य खेल संघों को एक परिपत्र भेजकर 5 अगस्त तक अपने-अपने खेलो की प्रविष्टि निर्धारित प्रपत्र में भरकर राज्य ओलंपिक संघ को भेजने का आग्रह किया है। राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अजीत सिंह राठौड़ बताया कि कुछ लोग अवैधानिक तरीके से मीटिंग बुलाकर भ्रम फैला रहे है। राष्ट्रीय खेलों के लिए मीटिंग आज तक कभी भी नहीं बुलाई गई है सीधे ही एंट्री भेजी जाती है। राठौड़ ने बताया कि महासचिव अरुण कुमार सारस्वत ने सभी राज्य खेल संघों पत्र भेज दिया गया है।

# भाजपा को 52 प्रतिशत वोटों के साथ 148 सीटों पर बम्पर जीत की भविष्यवाणी

## इंडिया टी.वी. के एक सर्वे में यह भविष्यवाणी की गई है

- सर्वे के अनुसार, कांग्रेस को 31 प्रतिशत वोटों के साथ 42 सीटें मिलेंगी तथा 10 सीटें अन्य के खाते में जाएंगी।
- हालांकि इसी सर्वे में मुख्यमंत्री के रूप में अशोक गहलोत को प्रथम, तो पायलट को चौथे नम्बर पर बताया गया है, और वसुंधरा राजे और गजेन्द्र सिंह को क्रमश दूसरे और तीसरे नम्बर पर बताया गया है, सर्वे की यह ही बात लोगों के गले नहीं उतर रही है।
- वैसे भी राजस्थान के चुनावों में 15 महीने का समय बाकी है, जो परिस्थितियों को बदल सकता है।

जयपुर, 30 जुलाई (का.प्र.)। राजस्थान के खेल मंत्री अशोक चांदना के विधानसभा क्षेत्र हिंडोली में हुई एक भीड़ भरी सभा को संबोधित करने के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और मंच पर मौजूद विधानसभा अध्यक्ष डॉ सी.पी. जोशी सहित आधा दर्जन मंत्री और कांग्रेस नेता गदगद नजर आ रहे थे। मौका था 1500 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं के शिलान्यास का। यह खुशी ज्यादा ठहरती, इससे पहले ही एक नैशनल न्यूज़ चैनल ने चुनावी सर्वे दिखाया और उस सर्वे में राजस्थान में कांग्रेस की हालत पिछली बार के मुकाबले बेहद कमजोर बताते हुए सीधे सीधे भाजपा की बंपर जीत बतायी।

हालांकि राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने में अभी 15 महीने का समय बाकी है और उस वक्त की परिस्थितियां ही चुनावी हार-जीत तय करेंगी। फिर भी कांग्रेस के आंतरिक हालातों के कारण वर्तमान में जो परिस्थितियां नजर आ रही है, उससे खुद कांग्रेस का आम कार्यकर्ता निराश नजर आता है। वैसे सरकार के नजदीकी लोग हमेशा की तरह भुलावे में बात करते हुए सरकार रिपीट होने की बात करते हैं।

बात की जाए चुनावी सर्वे की तो राजस्थान में आम लोगों में चर्चाओं का केंद्र भी यही है कि इस बार कांग्रेस की सरकार का रिपीट होना संभव नजर नहीं आता। लोगों के इसी टेस्ट के अनुरूप इंडिया न्यूज़ के चुनावी सर्वे ने राजस्थान को लेकर कहा है कि आज की स्थिति में चुनाव होते हैं, तो भाजपा को 52 प्रतिशत वोट मिलने वाले हैं। वहीं भाजपा के मुकाबले कांग्रेस को 31 प्रतिशत वोट मिलेंगे। यानी कि कांग्रेस और भाजपा में हार जीत का फासला 21 प्रतिशत से ज्यादा मतों का रहने वाला है। वहीं चैनल ने राजस्थान में आज की स्थिति में चुनाव होने पर भाजपा के खाते में बंपर जीत के साथ में 148 सीटें दी है, तो कांग्रेस के खाते में आज की स्थिति में 42 सीटें चैनल के अनुरूप आ सकती हैं। बाकी अन्य दलों के खाते में 10 सीटें जाती दिखाई देती है, उनके खाते में 17 प्रतिशत वोट आ सकते हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने 99 और भाजपा ने 73 सीटें जीती थी।

वर्तमान परिस्थितियों में इस वोट प्रतिशत और सीटों के आकलन को लेकर बहुत से लोग सहमत हो सकते हैं, लेकिन इस टीवी चैनल के सर्वे में मुख्यमंत्री के तौर पर भी जिन नामों का जिक्र है, उन्हें मिले मत प्रतिशत से लोग सहमत नजर नहीं आते दिख रहे हैं। सर्वे की मजेदार बात यह है कि जहां कांग्रेस को यह चैनल सिर्फ 48 सीटें और 31 प्रतिशत वोट दे रहा है, वहीं मुख्यमंत्री के रूप में उसने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को 27 प्रतिशत वोटों के साथ जनता की पसंद में सबसे आगे बताया है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को 22 प्रतिशत लोगों की पसंद के रूप में नम्बर दो पर माना गया है। जो अन्य नाम मुख्यमंत्री के रूप में इस टीवी चैनल के सर्वे में आए हैं, वे है भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत और कांग्रेस के सचिन पायलट। इनमें से गजेंद्र सिंह शेखावत की लोकप्रियता 19 प्रतिशत लोगों में बताई गई है, तो सचिन पायलट मुख्यमंत्री के रूप में 11 प्रतिशत लोगों की पसंद बताए गए हैं। यह बात शायद ही राजस्थान में राजनीतिक और गैर राजनीतिक लोगों के समझ में आए कि गजेंद्र सिंह शेखावत सचिन पायलट से ज्यादा लोकप्रिय कैसे हो गए हैं।

यह बात इसलिए भी कही जा रही है कि कुछ दिन पहले ही देशभर में लोकप्रियता के मामले में कांग्रेस पार्टी के अंदर गांधी परिवार के अलावा अन्य नेताओं की लोकप्रियता का एक सर्वे सामने आया था। उस सर्वे में गांधी परिवार के अलावा पार्टी में अन्य लोकप्रिय नेताओं में मनमोहन सिंह के बाद सचिन पायलट सबसे ज्यादा लोकप्रिय नेताओं में शुमार हुए थे।

वैसे भी इस सर्वे के सामने आने के बाद लोगों का मूड भले ही भाजपा की ओर नजर आ रहा हो, लेकिन यदि आने वाले दिनों में कांग्रेस की आंतरिक परिस्थितियों में बदलाव आता है, तो यह स्थिति बदलने में भी समय नहीं लगेगा। ऐसे में सर्वे को फिलहाल जनता का अंतिम निर्णय नहीं माना जा सकता है।

# नकली नोट मामले की जांच स्पैशल ऑपरेशन ग्रुप करेगा

## राज्य के पुलिस महानिदेशक एम.एल. लाठर ने इस संबंध में आदेश जारी किए

- अब तक सात आरोपी गिरफ्तार हुए हैं तथा 43 अन्य युवकों के नाम भी सामने आए हैं। बीकानेर पुलिस इनका डॉज़ियर बनाकर एस.ओ.जी. को सौंपेगी।

बीकानेर, 30 जुलाई (कासं)। नकली नोट मामले में अब स्पैशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) जांच करेगा। पुलिस महानिदेशक एम.एल. लाठर ने उक्त आदेश दिए हैं। ऐसे में बीकानेर पुलिस अब तक की जांच रिपोर्ट एस.ओ.जी. को सौंप देगी। इस मामले में अब तक सात आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। इन सभी को एस.ओ.जी. के हवाले किया जा रहा है। जांच पड़ताल में 43 युवकों के नाम सामने आये हैं, जिनका डोज़ियर बनाकर एस.ओ.जी. को सौंपा जायेगा।

जिले में नकली नोट छापने का कारखाना सिर्फ वृंदावन एन्क्लेव में नहीं बल्कि दो से तीन जगहों पर चल रहा था। बीकानेर पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिली जब नोखा के सुरपुरा में मास्टर माइंड चम्पालाल के घर से पुलिस को प्रिंटर के साथ 14.56 लाख रुपये के नकली नोट मिले। आशंका जताई जा रही है कि, करोड़ों रुपये के नोट सुरपुरा से छापकर भी बाजार में चलाये गए हैं।

मास्टर माइंड सुरपुरा के चम्पालाल के घर पर आईजी ऑफिस की विशेष टीम द्वारा की गई छानबीन में नकली नोट एवं प्रिंटर मिला था। इतना ही नहीं, पुलिस ने यहां से 4 लाख 43 हजार रुपये के असली नोट भी बरामद किए। ये रुपये चम्पालाल ने जाली नोट के बदले लिए थे। अब यह पता लगाया जा रहा है कि ये रुपये किससे और कितने जाली नोट के बदले लिए गए थे।

गिरोह के वृंदावन एन्क्लेव में स्थित मकान से पुलिस को दो करोड़ 74 लाख रुपये के नकली नोट व प्रिंटर सहित काफी महत्वपूर्ण सामान मिला था। इसके बाद रविकांत जाखड़ से भी 14 लाख 86 हजार के नकली नोट, एक प्रिंटर, दो कागज के रिम बरामद हुए हैं। यह बरामदगी जाखड़ के वैष्णोधाम के पास स्थित कमरे से हुई है, जो उसने किराये पर ले रखा था।

इससे पूर्व टीम ने दीपक जीनगर के लूणकरनसर स्थित घर से 6 लाख 30 हजार रुपये और एक पेपर कटर बरामद किया। इस दौरान दो लाख 56 हजार रुपये के नोट पूरी तरह प्रिंट होकर रखे मिले। इसमें पांच सौ व दो हजार रुपये के जाली नोट हैं। बाकी रकम अधूरी प्रिंट हो रखी थी। उधर रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया ने भी जांच शुरू कर दी है। बैंक के अधिकारियों ने गिरफ्तार युवकों से भी पूछताछ शुरू की है। नकली नोटों का परीक्षण भी किया जा रहा है। रिज़र्व बैंक यह पता लगाने में जुटा है कि, नकली नोट छापने के बाद कहां-कहां बाजार में उतारे गए। नोटों की सीरीज़ सहित कई तकनीकी मामलों में छानबीन हो रही है।

## इन्कम...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

करोड़ आई.टी.आर. फाइल हुई थी और सितम्बर 2021 में 5.70 करोड़ आई.टी.आर. फाइल हुई थी।28 जुलाई को 30 लाख आई.टी.आर. जमा की गई जबकि तब तीन दिन शेष थे। उम्मीद है फाइल की गई आई.टी.आर. की संख्या 5000 से अधिक हो जाएगी पूर्व में भी अंतिम दो दिनों में आई.टी.आर. का संस्था में भारी उछाल आते देखा गया हैं। इसका अर्थ है कि आई.टी.आर. की संख्या 4.4 करोड़ से 5.55 करोड़ के बीच ह सकती है, इस स्थिति के अंतिम तिथि बढ़ाने की संभावना कम हैं।

# शराब नीति बदलने को मजबूर हुई दिल्ली सरकार

## दिल्ली में एक अगस्त से शराब की निजी दुकानें बंद हो जायेंगी, सिर्फ सरकारी दुकानों पर ही शराब बिकेगी

- उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि, भाजपा सी.बी.आई. और इ.डी. के माध्यम से लाइसैंसधारियों और आबकारी अधिकारियों को लगातार धमकाती आ रही है, भाजपा के कारण ही टैंडर प्रक्रिया के बावजूद 850 शराब की दुकानों में से केवल 468 ही खुल सकी थीं।
- सिसोदिया ने कहा कि, गुजरात की तरह ही भाजपा दिल्ली में भी अवैध शराब की बिक्री होते रहने देना चाहती है।

नई दिल्ली, 30 जुलाई। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने अपनी नई आबकारी नीति को वापस लेते हुए शराब बिक्री की पुरानी व्यवस्था फिर से लागू करने का फैसला किया है और 1 अगस्त से केवल सरकार द्वारा संचालित दुकानों के माध्यम से ही शराब बेचने का निर्देश दिया है।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को बताया कि दिल्ली सरकार ने नई आबकारी नीति को फिलहाल वापस लेने का फैसला किया है और अब शराब की बिक्री केवल सरकारी दुकानों से करने का निर्देश दिया गया है। सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है कि शराब अब केवल सरकारी दुकानों के माध्यम से बेची जाए और कोई अराजकता न हो।

सरकार के इस फैसले के चलते दिल्ली में चल रहीं 468 निजी शराब की दुकानें 1 अगस्त से उनके लाइसेंस की अवधि खत्म होने के चलते बंद हो जाएंगी। नई आबकारी नीति के तहत की अवधि को 30 अप्रैल के बाद दो बार दो-दो महीने के लिए बढ़ाया गया था। यह अवधि 31 जुलाई को समाप्त होगी।

सिसोदिया ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुरानी आबकारी नीति में कई सरकारी शराब की दुकानें थीं और ऐसी दुकानों में भारी भ्रष्टाचार हुआ करता था, लेकिन नई आबकारी नीति के साथ इसे रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि नई आबकारी नीति में खुली निविदाओं के माध्यम से पारदर्शी तरीके से लाइसेंस जारी किए गए हैं। सिसोदिया ने कहा कि पुरानी व्यवस्था में सरकार को 6,000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होता था, जबकि नई आबकारी नीति से सरकार को पूरे वर्ष में 9,500 करोड़ रुपये का राजस्व मिलना तय था।

भाजपा पर सी.बी.आई. और ई.डी. के माध्यम से लाइसेंसधारियों और आबकारी अधिकारियों को धमकाने का आरोप लगाते हुए सिसोदिया ने दावा किया कि 850 शराब की दुकानों में से केवल 468 ही खुल सकीं, क्योंकि कई को दुकान मालिकों ने भाजपा की धमकी के बाद बंद कर दिया था।

# अक्षय कुमार पर केस करेंगे भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी

- सुब्रमण्यम स्वामी का आरोप है कि, अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म रामसेतु में गलत तथ्य व जानकारियां पेश की गई हैं।

नई दिल्ली, 30 जुलाई। अक्षय कुमार एक बार फिर विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। यह विवाद बॉलीवुड फिल्म अभिनेता की आने वाली फिल्म रामसेतु को लेकर उठा है। असल में पॉलिटिशियन सुब्रमण्यम स्वामी ने अक्षय कुमार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि अक्षय की फिल्म रामसेतु में गलत तथ्य दिखाए जा रहे हैं। इस बारे में उन्होंने शनिवार को दो ट्वीट्स भी किए। इन ट्वीट में स्वामी ने अभिनेता की नागरिकता पर भी सवाल उठाया लिखा कि अगर अक्षय कुमार विदेशी नागरिक हैं तो उन्हें देश से बेदखल करने को भी बोल सकते हैं। इसके उनके साथ अभिनेता समेत फिल्म निर्माताओं पर भी केस करने की बात कही है। इस फिल्म को लेकर सुब्रमण्यम स्वामी ने दो ट्वीट किए हैं। पहले ट्वीट में स्वामी ने लिखा है कि मैं अभिनेता अक्षय कुमार और उनकी कर्मा मीडिया के खिलाफ केस दर्ज करवाने वाला हूं।

उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म रामसेतु को गलत ढंग से दिखाया है। स्वामी ने लिखा है कि अक्षय कुमार की फिल्म से रामसेतु की छवि को नुकसान पहुंचाया है।

इसके साथ ही कानूनी प्रक्रिया की बात करते हुए वह लिखते हैं कि मेरे वकील सत्य सभरवाल ने केस का ड्राफ्ट फाइनल कर लिया है। सुब्रमण्यम स्वामी यहीं नहीं रुके।

## 'मेघालय ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भाजपा ने इस कदम को राज्य में सत्तारूढ़ नैशनल पीपल्स पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा की गई राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताया है। इस सरकार में भाजपा की भी आंशिक भागीदारी है।"

## झारखण्ड के तीन विधायकों की कार से करोड़ों रु. कैश बरामद

हावड़ा, 30 जुलाई। झारखण्ड के कांग्रेस विधायकों की गाड़ी से भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ है, बड़ी मात्रा में नोट होने के कारण इनकी गिनती नहीं हो पाई है, यह कैश करोड़ों में होने की पूरी संभावना है।

पुलिस द्वारा यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल के हावड़ा में की गई है। बताया जा रहा है कि तीन विधायकों की गाड़ी से यह कैश बरामद हुआ है। पुलिस ने इनपुट के बाद चेकिंग के लिए गाड़ी रोकी थी। बताया जा रहा है कि कैश की गिनती के लिए काउंटिंग मशीन मंगाई गई है।

एस.पी. स्वाति भंगालिया ने बताया कि हमने झारखंड कांग्रेस के 3 विधायकों को भारी मात्रा में नकदी के साथ पकड़ा है।

## 'अगर सभी राजस्थानी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के राज्यपाल ने कहा था कि "यदि गुजरातियों और राजस्थानियों को महाराष्ट्र से हटा दिया जए, खासतौर मुम्बई और ठाणे से तो, वहां धन नाम की चीज़ नहीं रहेगी।" उन्होंने आगे कहा था कि तब मुम्बई देश की वित्तीय राजधानी नहीं रह जाएगी।

अवसर का लाभ उठाते हुए अल्वा ने अपने प्रहार में पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ को भी निशाना बनाया। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा कि "महाराष्ट्र के राज्यपाल की टिप्पणियां दुर्भाग्यपूर्ण हैं, किन्तु अप्रत्याशित नहीं है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल एवं उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार से जो मैसेज प्राप्त किया है, वह है: विवाद, मूर्खतापूर्ण टिप्पणियां और संविधानेत्तर व्यक्तित्व की भांति कार्य करना और उस व्यवहार का पुरस्कृत किया जाना।"

अल्वा उप राष्ट्रपति चुनाव में धनखड़ के विरूद्ध प्रत्याशी हैं। धनखड़ को भाजपा नेतृत्व वाले नैशनल डैमोक्रेटिक अलायंस (एन.डी.ए.) ने अपना प्रत्याशी बनाया है।

धनखड़ और बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार की प्राय: प्रशासन से लकर राजनीतिक मुद्दों पर झड़पें हुई, जिसमें बनर्जी की पार्टी ने राज्यपाल पर अक्सर आरोप लगाया कि वह राज्य के मामले में दखलंदाजी कर रहे हैं जिसमें नई दिल्ली की रिमोट कंट्रोल भूमिका है।

अन्तत: धनखड़-बनर्जी और असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्वा सरमा के बीच एक मीटिंग हुई जिसके बाद तृणमूल कांग्रेन ने घोषणा की कि वह 6 अगस्त को होने जा रहे उप राष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग से अनुपस्थित रहेगी।

धनखड़ भारत के उप राष्ट्रपति बनने के बाद बंगाल से दिल्ली पहुंच जाएंगे और बनर्जी के ए यह एक बड़ी जीत होगी।

## दिल्ली में प्र.मंत्री व राष्ट्रपति आवास का घेराव होगा

- कांग्रेस महंगाई के खिलाफ 5 अगस्त को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी।

नई दिल्ली, 30 जुलाई। कांग्रेस पार्टी 5 अगस्त को मूल्य वृद्धि के खिलाफ व्यापक राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। पार्टी अपने बड़े विरोध के तहत संसद से राष्ट्रपति भवन और "प्रधानमंत्री हाउस घेराव" तक मार्च निकालने का ऐलान कर चुकी है।

देश में बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस पार्टी ने पी.एम. हाउस का घेराव करने का ऐलान किया है। कांग्रेस के इस मार्च में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की संभावना है। संसद के दोनों सदनों में इस सप्ताह मूल्य वृद्धि मुद्दे पर कई व्यवधान देखे गए। लोकसभा में सोमवार को महंगाई पर बहस होने की संभावना है, उसके बाद मंगलवार को राज्यसभा में भी इस मुद्दे पर बहस हो सकती है।

गौरतलब है कि, विपक्ष 18 जुलाई को मॉनसून सत्र की शुरुआत से ही दोनों सदनों में बढ़ती कीमतों और जी.एस.टी. का मुद्दा उठा रहा है।

## 'बाद में मत कहना, ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रद्द करवा देगा, फिर भी हाल ही के दिनों में आंतरिक चिंताएं और तीव्र हो गई हैं, क्योंकि बाइडन प्रशासन पेलोसी का प्रस्तावित दौरा रोकने की चुपचाप कोशिश कर रहा है।

रिपोर्ट एक स्थिति के बारे में बताती है जिसमें चीन पेलोसी के अमेरिकी सैन्य विमान को "एस्कोर्ट" करने के लिए एक एयरक्राफ्ट भेज सकता है ताकि यदि पेलोसी ताइवान का दौरा करना चाहे तो उन्हें वहां लैण्ड करने से रोका जा सके और एक अमेरिकी ने कहा कि यह स्थिति चिंता का एक न्यायिक विषय है। चीन के विश्लेषकों ने बताया कि चीन की कड़ी चेतावनियों का अर्थ है कि यदि पेलोसी इस देश का दौरा करती है तो उसकी पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पी.एल.ए.) सभी संभावित चुनौतियों से निबटने के लिए पूर्णतया तैयार है और उन्होंने पी.एल.ए. की रॉकेट फोर्स को सलाह दी कि वह पेलोसी की यात्रा में शामिल किसी भी संभावित अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और अन्य बड़े सैन्य जहाजों को निशाना बनाने के लिए नई मिसाइल्स की ड्रिल करना शुरू कर दे।

चीन की मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस के प्रवक्ता तान केफी ने कहा है कि यदि अमेरिका के तीसरे नम्बर की नेता पेलोसी ताइवान का दौरा करती हैं तो यह "वन-चाइना" सिद्धांत और चीन-अमेरिका के तीन संयुक्त शासकीय परपित्रों का गंभीर उल्लंघन होगा और इससे चीन-अमेरिका संबंधों के राजनीतिक आधार सहित चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखण्डता गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। इससे निश्चित रूप से द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को जबर्दस्त क्षति पहुंचेगी और ताइवान जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ जाएगा।

तान ने कहा कि चीन अमेरिका से मांग करता है कि वह ताइवान के अलगाव का समर्थन नहीं करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करे और पेलोसी के ताइवान दौरे का प्रबंध ना करे। उन्होंने ध्यान दिलाया कि यदि अमेरिका अपनी बात पर अड़ा रहता है तो चीन की सेना किसी भी सूरत में हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठेगी और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप तथा ताइवान की स्वतंत्रता के प्रयासों को दूर करने के कड़े उपाय करेगी और राष्ट्रीय संप्रभुता व क्षेत्रीय अखण्डता की मजबूती से रक्षा करेगी। बताया जाता है कि इंस्टीट्यूट ऑफ अमेरिकन स्टडीज ऑफ चाइनीज एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज के उप निदेशक एवं सीनियर फैलो युआन झेंग ने चीन की सरकार को सलाह दी है कि यदि पेलोसी ताइवान की यात्रा करती है तो उन पर और उनके परिवार के सदस्यों पर प्रतिबंध लगा दिए जाएं। उन्हें चीन, हाँगकाँग और मकाऊ में प्रवेश से प्रतिबंधित कर दिया जाए और उनसे सम्बद्ध संस्थानों को भी चीन के साथ व्यापार करने से प्रतिबंधित कर दिया जाए।


## महंगाई...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

एक पत्र भेजकर क्षमा याचना की है।

स्पीकर ओम बिड़ला को चौधरी द्वारा किए गए एक विरोध पर निर्णय करना है।

चौधरी ने राष्ट्रपति के अपमान का मुद्दा उठाते हुए कहा था कि केन्द्रीय महिला एवं अल्पसंख्यक मामलात मंत्री स्मृति ईरानी ने राष्ट्रपति मुर्मू के नाम से पूर्व श्रीमती शब्द नहीं लगाया था। उन्होंने यह मांग भी की थी उनकी ज़बान फिसलने में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का नाम घसीटने को लेकर ईरानी और भाजपा के सदस्यों की टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही से हटाया जाए।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908